हरिभूमि
रायपुर भूमि



साधु, संतों के साथ प्रदर्शन करने वालों से बात करने मौके पर डिप्टी सीएम साव, आईजी, कलेक्टर, एसएसपी पहुंचे

■ रैली की शक्ल में कोतवाली थाने का घेराव करने पहुंचे

# साधु-संतों के साथ कोतवाली के बाहर हवन पूजन, अड़े रहे भगवाधारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में नदी मोड़ स्थित महानदी पुल से गिरकर तीन मवेशी कारोबारियों की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिस ने मवेशी कारोबारी चांद मियां, गुड्डू खान तथा सद्दाम कुरैशी की गैर इरादन हत्या के आरोप में महासमुंद निवासी नवीन सिंह ठाकुर, मयंक शर्मा, नवीन, हर्ष मिश्रा तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा नेता राजा अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने निरपराध बताते हुए उनकी तत्काल रिहाई की मांग करते हुए कोतवाली थाने का घेराव किया। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### यह मांग पर अड़े प्रदर्शनकारी

प्रदर्शनकारी गैर इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए लोगों को रिहा नहीं करने पर पुलिस से खुद पर भी उसी धारा के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों को पुलिस के अफसरों ने समझाने की कोशिश भी की, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे।




### मौके पर पहुंचे डिप्टी सीएम, देर रात धरना समाप्त

बजरंग दल, विहिप सहित अन्य प्रदर्शनकारियों को समझाने के लिए मौके पर रात साढ़े आठ बजे के करीब डिप्टी सीएम अरुण साव के साथ रेंज आईजी अमरेश मिश्रा, कलेक्टर गौरव सिंह तथा एसएसपी संतोष सिंह मौके पर पहुंचे। किसी के साथ अन्याय नहीं होने और यथोचित कार्रवाई आश्वासन के बाद देर रात उनका धरना समाप्त हो गया।

### कोतवाली थाना छावनी में तब्दील

प्रदर्शन को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने कोतवाली थाना क्षेत्र को पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चार एडिशनल एसपी, एक दर्जन के करीब डीएसपी तथा दो दर्जन के करीब टीआई और भारी संख्या में मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है।







### गलत धारा के तहत कार्रवाई करने का आरोप

प्रदर्शनकारी साधु-संत तथा बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर गलत धाराओं के तहत कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनकी रिहाई नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। संतों ने आरोप लगाया है, जिन लोगों ने जीवनभर गोसेवा की है, उन लोगों के खिलाफ पुलिस ने गलत धारा लगाकर कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

### पुलिस ने रूट डायवर्ट किया

प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कातवाली थाना पहुंचने वाले सभी मार्गों को बंद करते हुए रूट डायवर्ट किया। प्रदर्शन के कारण सदर बाजार, मालवीय रोड, बैजनाथपारा, कालीबाड़ी, बिजली ऑफिस चौक के पास ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इसके कारण लोगों को कोतवाली मार्ग पर आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में चोरी

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में पैथोलॉजिस्ट ने एक व्यक्ति के खिलाफ अपने सूने मकान से नकदी 25 हजार रुपए सहित 40 हजार रुपए के चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रावतपुरा कॉलोनी निवासी जीतेंद्र सोनकर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। जीतेंद्र ने पुलिस को बताया है कि उसका धमधा में पैथोलॉजी लैब है। पिछले महीने वह धमधा गया था। वापस आने पर देखा कि किसी अज्ञात चोर ने मकान का ताला तोड़ कर कमरे के अंदर प्रवेश कर अलमारी से कैश तथा जेवर पर हाथ साफ कर दिया है।



### अज्ञात वाहन की ठोकर से मौत

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक खुला बदन तथा छींटदार टावेल पहना हुआ है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को रात दो बजे के करीब एक्सीडेंट की घटना हुई है। एक्सीडेंट छेरीखेड़ी पुल पर हुई है। घटना स्थल पर पुलिस को मृतक के खून से सने टायर के निशान मिले हैं।

### रेलवे स्टेशन में पकड़े गए अवैध वेंडर



**रायपुर।** बिना अधिकार पत्र के रेलवे स्टेशन में खाद्य पदार्थ सहित अन्य सामान की बिक्री करने वाले पांच वेंडरों को आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक एस. दत्ता ने बताया कि रायपुर स्टेशन पर अनाधिकृत रूप से वेंडिंग करने वाले वेंडरों के विरुद्ध गहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे कैंटीन प्लेटफॉर्म नं. 1 में कार्यरत एक वेंडर, मल्टीपरपज स्टॉल प्लेटफार्म नंबर 5 में कार्यरत दो तथा दो वेंडरों को मल्टीपरपज ट्रॉली में सामान बेचते पाया गया। उनके पास परिचय पत्र या वेंडिंग करने का कोई प्राधिकार पत्र नहीं था। पांचों अनाधिकृत वेंडर को गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया गया और उनके विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा 144 के तहत कार्रवाई की गई।

### दो लोगों के कब्जे से 80 लीटर डीजल जब्त

**रायपुर।** मंदिर हसाद थाने की पुलिस ने अवैध रूप से डीजल खरीदी-बिक्री करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से साढ़े सात हजार रुपए से ज्यादा कीमत का 80 लीटर डीजल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार डीजल खरीदी-बिक्री करने के आरोप में कयाबांधा तथा छतौना में कार्रवाई करते हुए मनोज कुमार कंड्रा तथा सुब्रजीत के कब्जे से डीजल जब्ती की गई है।

न्यू राजेन्द्र नगर के शंकरा हास्पिटल की घटना, पुलिस ने दर्ज की मारपीट की एफआईआर

# ओडिशा से लाए गए मरीज की निजी अस्पताल में मौत के बाद हंगामा, नाराज परिजनों को डाक्टरों ने पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीजू कार्ड से निशुल्क इलाज और खाना की सुविधा का झांसा देकर ओडिशा से लाए गए एक मरीज की मौत के बाद न्यू राजेन्द्र नगर के शंकरा हास्पिटल में हंगामा हो गया। केवल जांच के लिए पहुंचे वृद्ध को गंभीर बताकर ऑपरेशन कर दिया गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। नाराज परिजन अस्पताल में चीखने-चिल्लाने लगे, तो डाक्टरों ने उन्हें पीट दिया।

न्यू राजेन्द्र नगर थाने में अस्पताल के मुख्य चिकित्सक और उसके एक साथी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। परिजनों का आरोप है कि बीजू कार्ड से ज्यादा राशि लेने के लिए चिकित्सकों ने गेंदलाल सोनी का ऑपरेशन कर दिया, जिससे तबीयत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे हिमांशु सोनी ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस में की गई शिकायत में उसने बताया कि वह ग्राम कुदाई जिला नवरंगपुर ओडिशा का रहने वाला है। पिता गेंदलाल के साथ गांव के पांच लोगों को जांच और आवश्यक इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। प्रारंभिक जांच के बाद सभी को 18 जून को भर्ती कर लिया गया। बिना परिजनों की सहमति के गेंदलाल को गंभीर बीमारी ▶▶| शेष पेज 13 पर

### बीजू कार्ड से निशुल्क इलाज कराने लाए गए थे छह मरीज







### कार में लाए थे मरीज

बेटे हिमांशु ने अपनी शिकायत में यह बताया कि अस्पताल का प्रतिनिधि बताने वाले नंदकुमार मंडावी अपनी एक महिला साथी के साथ उनके गांव आए थे। उन्होंने ग्रामीणों को बताया था कि अस्पताल में उनका निशुल्क इलाज किया जाएगा। खाना के साथ उन्हें गांव से लाने ले जाने के लिए कार की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके लिए उन्हें केवल अपना बीजू कार्ड (स्वास्थ्य सहायता योजना) रखना होगा। उनकी बातों में आकर पिता गेंदलाल के साथ छह अन्य लोग तैयार हो गए, तो उन्हें कार में बैठाकर अस्पताल लाया गया।

### हिप रिप्लेसमेंट किया गया था- डॉ. मल

शंकरा अस्पताल के प्रबंधन की ओर से डॉ. सचिन मल ने बताया कि मरीज का हिप रिप्लेसमेंट किया गया था। दो दिन जनरल वार्ड में रखने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी और सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी। 24 को उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि आशंका है कि ब्लड ट्रांसप्यूजन के दौरान उन्हें इंफेक्शन हुआ होगा। डॉ.मल ने कहा कि ओडिशा से काफी संख्या में मरीज इलाज के लिए छत्तीसगढ़ आते हैं। उन्होंने पहले भी कई मरीजों का इलाज किया है। गेंदलाल की मृत्यु के बाद आक्रोशित परिजनों ने हंगामा कर दिया और नौबत धक्का-मुक्की तक पहुंच गई।

# संगीत विवि व ओपन यूनिवर्सिटी में लागू नहीं होगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति मौजूदा शैक्षणिक सत्र से पूरे प्रदेश में लागू हो रही है, लेकिन इसे खैरागढ़ संगीत विवि और ओपन विवि में लागू नहीं किया जाएगा। चूंकि संगीत विवि कलात्मक संस्थान है और ओपन विवि में नियमित रूप से अध्ययन नहीं कर पाने वाले छात्र ही प्रवेश लेते हैं, इसलिए इन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दायरे से बाहर रखा गया है। उच्च शिक्षा विभाग का कहना है कि सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रम होने के कारण विद्यार्थियों को परीक्षा का तनाव नहीं होगा। बहु-विषयक प्रणाली ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ 2027 तक तीन चरणों में किया जाएगा लागू

### अधिकतम 7 सालों में पूर्ण कर सकेंगे यूजी

*उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार, इस नीति में सतत मूल्यांकन का प्रावधान है, जिससे विद्यार्थियों के मानसिक उर्जा के साथ बौद्धिक क्षमता में भी वृद्धि होगी। टेक्नोलॉजी के अधिक से अधिक इस्तेमाल पर बन दिया गया है। समस्त पाठ्यक्रम क्रेडिट पर आधारित होने के साथ ही चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के अंतर्गत होंगे। स्नातक* ▶▶| शेष पेज 13 पर

### आंतरिक मूल्यांकन के लिए 30 फीसदी अंक निर्धारित

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत मार्किंग स्कीम के बारे में भी बताया गया। आतंरिक मूल्यांकन में 30% अंकों का प्रावधान रखा गया है। विद्यार्थी को उत्तीर्ण होने के लिए दोनों (आतंरिक एवं अंत सेमेस्टर परीक्षा) में कुल 40% प्राप्त करना अनिवार्य होगा। कला, विज्ञान अथवा वाणिज्य संकाय का विद्यार्थी अपने संकाय के अतिरिक्त अन्य संकाय के किसी एक विषय को अपनी इच्छानुसार ले सकता है। विद्यार्थी ऑनलाइन प्लेटफार्म में उपलब्ध पाठ्यक्रमों से भी विषय से संबंधित पाठ्यक्रम की पढ़ाई भी साथ कर सकता है।

# जिले में हर माह डेढ़ सौ एक्सीडेंट में 40 से 45 लोगों की जान जा रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित जिले में एक्सीडेंट पर लगाम लगाने कई तरह के उपाय किए जा रहे, बावजूद इसके एक्सीडेंट के आंकड़े कम नहीं हो रहे। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष राज्य में सड़क दुर्घटना में साढ़े पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ एक्सीडेंट में मरने वालों की संख्या में सवा पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य में जनवरी से मई के बीच 6 हजार 390 एक्सीडेंट की घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें 2 हजार 969 लोगों की मौत हुई है। रायपुर जिले में हर माह औसतन डेढ़ सौ सड़क दुर्घटना में 45 लोगों की मौत हो रही है।

ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के मुताबिक नवा रायपुर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की बड़ी वजह सूनी सड़क पर तेज गति से वाहन चलाना है। वाहन की रफ्तार ज्यादा होने की वजह से वाहन चालक अपनी गाड़ी पर कंट्रोल नहीं कर पाता, जिसकी वजह से एक्सीडेंट की घटनाएं होती हैं। ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के मुताबिक नवा रायपुर क्षेत्र में एक्सीडेंट पर लगाम लगाने वाहन चालकों के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की जाती है।

■ मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में एक्सीडेंट की वजह सूनी सड़क पर तेज रफ्तार कार को मोड़ में टर्न नहीं कर पाना बताया जा रहा

### झपकी आने की वजह से एक्सीडेंट होने की आशंका

मंदिर हसौद थाने की पुलिस बुधवार को कार एक्सीडेंट में जिन दो डॉक्टरों की मौत हुई है, उसकी वजह कार चला रहे डॉक्टर को झपकी आने की आशंका व्यक्त कर रही है। पुलिस के अनुसार कार सवार डॉक्टर जो अस्पताल ड्यूटी करने जा रहे थे, उनके द्वारा रायपुर के रास्ते रिम्स अस्पताल जाने की बात कही जा रही है। कार की रफ्तार तेज होने तथा कार चला रहा डॉक्टर झपकी आने की वजह से डिवाइडर को नहीं देख पाया और कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। पुलिस के अनुसार जिन दो डॉक्टरों की मौत हुई है, उनकी सुबह की शिफ्ट थी। इस वजह से डॉक्टर अस्पताल पहुंचने की जल्दबाजी में तेज रफ्तार कार चला रहे थे।

### मुख्यमंत्री निवास में आज से जनदर्शन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अब हर गुरुवार को जनदर्शन कार्यक्रम में जनता से मिलेंगे। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनदर्शन कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री जनता से सीधे संवाद कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री ने जनदर्शन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आपकी समस्याओं और आपकी मांगों के उचित और त्वरित निराकरण के लिए 27 जून से मुख्यमंत्री निवास में जनदर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ करने जा रहा हूं, जिसमें आपके, जनसरोकार की बातें होंगी व समस्याओं का यथोचित निराकरण होगा।



# 1.18 एकड़ निजी जमीन पर अवैध प्लाटिंग रोकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के रायपुरा क्षेत्र में इंद्रप्रस्थ कालोनी के पास 1.18 एकड़ निजी जमीन पर अवैध प्लाटिंग हो रही थी, नगर निवेश विभाग की टीम ने बुधवार को इस अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए इस पर रोक लगाई। इस दौरान टीम ने जमीन पर मुरुम डालकर बनाए गए रोड को थ्रीडी मशीन से क्षतिग्रस्त कर यहां पहुंचने वाले मार्ग को बाधित किया। प्रशासन के निर्देश के बाद निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक कई जगहों पर अवैध प्लाटिंग के मामले सामने आ चुके हैं, जिन पर निगम ने रोक लगाई है। जोन-8 क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का एक और मामला सामने आया है। इंद्रप्रस्थ कालोनी के पास 1.18 निजी जमीन पर अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा था।

जोन 8 कमिश्नर अरुण ध्रुव ने बताया कि इसकी जानकारी मिलते ही यहां कार्रवाई करते हुए रोक लगा दी गई है। इस जमीन पर मुरुम डालकर रोड का निर्माण से लेकर चूना से नापजोख किया गया था। टीम ने रोड को क्षतिग्रस्त कराया है। बताया जा रहा है कि इस जमीन को टुकड़ों में बेचे जाने की तैयारी थी। इसके लिए यहां अवैध प्लाटिंग की गई थी।



### किसी प्रकरण में एफआईआर दर्ज नहीं

*जोन क्षेत्र में अब तक जितने अवैध प्लाटिंग के मामले सामने आए हैं। उनमें अब तक किसी प्रकरण में एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है। विभागीय अधिकारी अवैध प्लाटिंग पर रोक तो लगाते है, लेकिन जमीन के मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोई कदम उठाते नहीं है। यहां तक की जमीन के दस्तावेज तक तहसील कार्यालय से मांगे नहीं जाते हैं, जिसके आधार पर थाने में एफआईआर दर्ज होती है।*

### कुछ दिन पूर्व 3 एकड़ जमीन पर लगाई गई थी रोक

*जोन-8 क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के मामले में लगातार बढ़ रहे हैं। जोन टीम ने कुछ दिन पहले ही वीर सावरकर नगर वार्ड नंबर 1 के जरवाय में वाटर फैक्ट्री के पास लगभग ढाई एकड़ निजी भूमि और रामकृष्ण परमहंस वार्ड नंबर 20 में मारुति लाइफ स्टाइल परिसर के पीछे लगभग आधा एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की थी। इससे पहले भी इस क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के कई मामले सामने आ चुके हैं।*

# सुबह कड़ी धूप, शाम होने के बाद छाए बादल बरसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुबह कड़ी धूप के बाद शाम होते ही मौसम का मिजाज बदला और थोड़ी देर तक हुई रिमझिम बारिश गर्मी से सुकून दे गई। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम की वजह से बादलों के बरसने के आसार बने हुए हैं। राज्य में एक जुलाई से बाद व्यापक बारिश होने की संभावना है। पिछले दो तीन दिनों से बारिश थमने की वजह से रायपुर समेत राज्य के कई शहरों में गर्मी की वापसी हो गई थी। यहां तापमान तेजी से ऊपर चढ़कर 37-38 डिग्री तक पहुंच गया है। वातावरण में मौजूद नमी की वजह से उमसभरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। बुधवार की सुबह शहर में ऐसे ही हालात बने हुए थे दोपहर होने के बाद बादल छाने लगे और हवा की गति अधिक हो गई और शाम होने के बाद कुछ देर तक हल्की बारिश हुई जिससे मौसम में ठंडकता आ गई। ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम, मध्यम वर्षा की संभावना

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## शिक्षा सत्र : परसतराई में शानदार प्रवेशोत्सव में बच्चों के चहरे खिले

# शाला प्रवेशोत्सव में रोली, कुमकुम और फूलों की वर्षा की छात्रों को खिलाई मिठाई और बांटी-किताबें और यूनिफार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

परसतराई सहित पूरे अंचल में शाला - प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीडिया प्रभारी व सरपंच हेमंत वर्मा व युवा भाजपा नेता चन्द्रकांत सोनमिरी व पालक गणों की उपस्तिथि में सम्पन्न हुए।

- शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत कर शिक्षा और अनुशासन की समझाइश दी
- शिक्षा के महत्व की जानकारी दी और कहा-पढ़ा-लिखा व्यक्ति ही तरक्की के नए आयाम गढ़ता है

बता दे कि पूरे प्रदेश के शासकीय स्कूलों में बुधवार को शिक्षा सत्र के लिए प्रवेश उत्सव की धूम देखी गई और एक अनेखों अंदाज में बच्चों का प्रवेश करवाया गया। बच्चों का स्वागत कहीं तिलक लगाकर तो कहीं मालाएं पहनाकर किया गया और बच्चों को सुशिक्षित, सुसंस्कृत व अच्छे नागरिक बनाने का दावा किया गया,ऐसा लग रहा था कहीं निजी स्कूलों में प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम हो रहे हैं।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले ही स्कूलों में नई किताबें पहुंचने की व्यवस्था पूर्ण रूप से किया गया है,क्योंकि बच्चों को परिणाम मिलते ही उनके हाथों में नई किताबें देखने को मिली और बच्चे एक नए जोश व उत्साह में दिखाई दिए।जिसका परिणाम आज प्रवेश उत्सव के दिन सामने आया।





### टीचर्स ने छात्राओं के पैर धुलाकर पैरो की निशान के साथ दिया प्रवेश

धरसींवा के प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव 'मेरे बगिया के फूल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षकों ने नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत पुष्पमाला, रोली कुमकुम लगाकर चरणवंदन के साथ किया। बच्चों के हाथों केक कटवाकर पौधारोपण भी किया गया। इससे पहले छात्राओं के पैर भी धोए गए और मुहमीठा करा कर शाला में प्रवेश दिलाया इस अवसर पर ग्राम के सरपंच हेमंत वर्मा ने सभी नव विद्यार्थियों को नई गणवेश और किताब वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की कामना किये।

### बच्चों को पहले दिन मिली वेलकम पार्टी

बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव के दौरान वेलकम पार्टी भी दी गई। स्कूलों में बच्चों का तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया। बोर्ड परीक्षा / स्थानीय परीक्षा में मेधावी अंक पाने वाले बच्चों को सम्मानित भी किए जाने की तैयारी है। स्कूल परिवार की ओर से उत्कृष्ट पालकों का भी सम्मान किया जाएगा।



### गोढ़ी शाला में प्रवेशोत्सव में किया गया पौधारोपण

*आरंग।* शासकीय उच्चतर माध्यमिकएवं पूर्व माध्यमिक शाला मे संयुक्त रूप से नव प्रवेशी बच्चों के साथ शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाला परिसर मे वृक्षरोपण भी किया गया। प्राचार्य एस.आर. घृतलहरे द्वारा शासन के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा विद्यालय के होनहार छात्रें तथा पिछली कक्षाये 10वी व 12वी बोर्ड परीक्षा परिणाम की जानकारी देकर विद्यालय मे प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हे पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सरपंच गोपाल धीवर, पूर्व सरपंच लक्ष्मी धीवर, बाबूलाल बैस, पवन जोशी, शिक्षक व्याख्याता राजेश्वरी शर्मा, ममता सिंह, सुनिता पांडेय, अनामिका शोकार, प्रभा कौशिक, सरिता धुरव, गिरधारी लाल कुर्रे, प्रमोद कुमार साहू, आर.एस. साहू, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला एवं सभी शिक्षक उपस्थित रहकर बच्चो का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर व गणवेश व पुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया।



### बैहार शाला प्रवेशोत्सव बच्चों को खिलाई मिठाई

*आरंग।* शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बैहार में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों के हाथों गणवेश और पाठ्य पुस्तक वितरित किया गया। साथ ही मुंह मीठा कराया गया।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में बच्चों को नियमित शाला आने प्रेरित किया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष मनमोहन गुप्ता ने समुचित विकास के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर मोंगरा साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति और अश्वनी बंजारे सचिव, शिक्षक पोखन साहू, अंजू गुप्ता, नागेंद्र देवांगन, अमृता प्रधान, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक संज्ञा चंद्राकर, शैलेंद्र धुरंधर, भारती साहू उपस्थित रहे। प्रधान पाठक विनोद चंद्राकर ने बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए अथितियों का आभार व्यक्त किया।

### शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए विधायक गुरु खुशवंत साहेब

**आरंग।** छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार ने नए शिक्षा सत्र की शुरुआत को एक उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया हैं। पुरे छत्तीसगढ़ में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा हैं। आरंग विधानसभा के विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने अ.रा.ब.शा. उत—ष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय चंदखुरी, बर्छिहा एवं पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला भानसोज के प्रवेशोत्सव में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में छात्र—छात्रओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब के साथ उपस्थित अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्रें को तिलक लगाकर, फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर, कॉपी पुस्तक का वितरण कर अभिनंदन किया। गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन लाने संकल्पित हैं। मैं भी बेहतर से बेहतर शिक्षा के लिए हर संभव प्रयासरत हूं। विद्यार्थी जीवन मानव जीवन का सबसे बहुमूल्य समय हैं, आज बच्चों के बीच अपने आप को पाकर मन आनंदित हैं। आज मुझे बचपन के अपने स्कूल के दिन याद आ गया। हम सब गर्मी छुट्टी समाप्त होने के बाद बहुत उत्साह के साथ स्कूल जाते थे। आगे विधायक ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी। इस कार्यक्रम का संचालन कर रहें प्राचार्य जी.आर. मीरी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एन.पी. कुर्रे, ललिता —ष्णा वर्मा, शोभाराम यादव, —ष्णकुमार वर्मा, सायपाल सेन, विजय डहरिया, सरिता डहरिया, लक्ष्मी नायक, तोरण वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, सौम्या मिश्रा, रूपेंद्र साहू, भरथरी पटेल सहित विद्यालय परिवार के समस्त स्टाफ एवं छात्र—छात्रएं उपस्थित रहे।

### लखौली में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**आरंग।** विवेकानन्द विद्या मंदिर लखौली में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाला में बच्चों की आरती उतार कर फूलों की वर्षा के साथ मिष्ठान वितरण कर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, सचिव ब्रंम्हाचारी नन्दकुमार महाराज, कोषाध्यक्ष पी.एल. साहू, उत्तम चन्द्राकर, दिनेश चंद्राकर, विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमलता साहू, ममता जलक्षत्री, नंदनी यादव, संध्या साहू, मधु बघेल, घनश्याम साहू व बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।





### पुस्तक, गणवेश पाकर बच्चों के खिले चेहरे

आरंग। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसके तहत नवप्रवेशी व अन्य बच्चों का स्कूल प्रबंधन व पालकों ने तिलक चंदन लगाकर अभिनंदन करते हुए बच्चों का मुंह मीठा कराया। साथ ही सभी बच्चों को पुस्तक व गणवेश वितरण किया। वहीं पुस्तक गणवेश पाकर बच्चों के चेहरे खिलने लगे। इस अवसर पर पालक हेमाराम परमार, भेखलाल यादव, पितांबर साहू, यशवंत धीवर, दीनदयाल धीवर, संस्था प्रमुख सहित संस्था के समस्त शिक्षक—शिक्षिकाओं की सहभागिता व उपस्थिति रही। साथ ही शिक्षको ने बच्चों को स्वच्छता, अनुशासन, पौधरोपण व पर्यावरण संरक्षण इत्यादि गतिविधियों में सहभागिता के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

### मुनगेसर कापी, पेन, सिस, पेंसिल और रुमाल देकर बच्चों को किया उत्साहित

आरंग। शासकीय प्राथमिक शाला मुनगेसर में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पालको की उपस्थिति में नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। उपस्थित सदस्य विजय वर्मा, डोमार बंजारे, आर के ध्रुरव, खुबचंद वर्मा द्वारा बच्चों को कापी, पेन, सिस, पेंसिल, रुमाल प्रदान कर उन्हे प्रोत्साहित किए, वहीं बच्चे ईनाम पाकर बहुत खुश हुआ। विजय वर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों को हर रोज स्कूल आने पर जोर दिया और कहा कि यदि बच्चा हर दिन नियमित शाला आयेंगे तो निशचित ही उन्हे सीख पाने से कोई नहीं रोक सकता। डोमार बंजारे एवं खुबचंद वर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चो को नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया। संस्था के प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद वर्मा ने मंच संचालन करते हुए अपने उद्बोधन में सभी बच्चों की निरंतर प्रगति हो इन्ही शुभकामनाओं के साथ उपस्थित सदस्यों को अपने—अपने स्तर में हर सम्भव मदद करते रहने पर जोर देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किये। मध्यान्ह भोजन समूह के द्वारा बच्चों को भोजन में खीर, पुड़ी, आलु छोले की सब्जी परोसा गया।

### सिलयारी के शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

**सिलयारी।** शासन के निर्देशनुसार प्रदेश भर के शासकीय और निजी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिस प्रकार हर उत्सव जीवन में नई खुशियां बिखेरता है उसी प्रकार इसी कड़ी ग्राम सिलयारी के प्राथमिक ,मिडिल एवम हाई स्कूल में भी नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मुह मिठाकर, स्नेह भोज खिलाकर प्रवेश उत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री अशोक साहू , राकेश यादव, हेमा चक्रधारी । विधायक प्रतिनिधि अजय देवांगन शाला विकाश समिति के सदस्य पूर्व सरपंच श्री सखाराम खुटे, राम प्रसाद टंडन, पंच व शाला विकाश समिति के सदस्य दिलेन्द्र यदु , देव चरण दिवाकर, घनश्याम चक्रधारी, संगीता यादव , दीपक अग्रवाल ,वासु एवम गांव के वरिष्ठ गण्यमान व्यक्तियों , व पालकगण बड़ी संख्या में उपस्तिथ थे । प्राथमिक व मिडिल स्कूल में शाला गणवेश पुस्तक आदि के साथ समिति के सदस्यों द्वारा अपने तरफ से पेन , रबर , सोपनर , एवम टॉफी का भी वितरण किया गया। प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक लक्ष्मी नारायण गुरूजी के द्वारा स्नेह भोज एवं मिडिल स्कूल में पुस्तक वितरण के साथ हाई स्कूल के प्रिंसिपल वाई के वर्मा , एवम स्टाफ द्वारा स्कूल के समस्त गतिविधियों के बारे में सम्पूर्ण चर्चा की गई साथ ही बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी इस प्रकार समस्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### अरुंधती संकुल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया और चॉकलेट बांटी

**आरंग।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी निहाली प्रसाद कुर्रे एवं उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार विकासखंड में शाला प्रवेश उत्सव की धूम रही। जिसके अंतर्गत अरुंधती देवी संकुल आरंग में पीएम श्री स्कूल शासकीय वीरांगना अवंती बाई लोधी पारा, शासकीय बालक प्राइमरी शाला सदर रोड, शासकीय प्राथमिक शाला रविदास, शासकीय प्राथमिक व पूर्वमाध्यमिक अकोलीखुर्द, सदर रोड शासकीय पूर्व माध्यमिक, अरुंधती देवी पूर्व माध्यमिक स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों का गुलाल एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही खीर, पूरी एवं चॉकलेट के द्वारा मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को गणवेश, पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका का वितरण कर नए सत्र की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान प्रतिनिधिगणों के साथ—साथ शाला विकास समिति के सदस्यगण व संकुल समन्वयक पोखन साहू, सभी प्रधानपाठक व शिक्षकगण अनुसुईया साहू, विद्या चंद्राकर, अशोक साहू, जया वर्मा, सुमित्र भांडेकर, अरविंद वैष्णव, सोनल मिश्रा, पवन कुमार साहू, चित्र देवांगन, रोशनी प्रधान, पिंकी गुप्ता, विमला बंजारे, सुनीता वर्मा, मनहरण ध्रुरव, भूपेंद्र साहू, यशवंत साहू, लोमेश्वरी चंद्राकर, पूर्णिमा साहू, ऋषि पटेल आदि समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### टेकारी के प्रवेशोत्सव में न्योता भोज भी

**आरंग।** प्राथमिक शाला टेकारी, प्राथमिक शाला कुंडा एवं पूर्व माध्यमिक शाला टेकारी में भूतपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शारदा देवी वर्मा के द्वारा न्योता भोज खिलाया गया एवं शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक हुलास वर्मा, छेदन वर्मा, अशोक नायक एवं शाला परिवार से प्राचार्य नितेश पांडे, संकुल समन्वयक नरेंद्र ठाकुर, प्रधान पाठक फाल्गो राम वर्मा एवं सभी शिक्षक—शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### नई धाराओं पर कार्यशाला आज

**रायपुर।** देश में 1 जुलाई से लागू हो रहे नए आपराधिक कानून के संबंध में सभी समाज वर्ग को जागरूक करने के लिए गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित सभागार में भारतीय न्याय संहिता-23 पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला शाम 5 बजे रखी गई है। इसमें न्यायिक, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता और प्रॉसिक्यूटर सहित विधि विशेषज्ञ शामिल होंगे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने बुधवार को कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह व एसएसपी संतोष सिंह के साथ बैठक की।

### सचिन पायलट का छत्तीसगढ़ दौरा आज

**रायपुर।** एआईसीसी महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट 27 जून को दोपहर 2.25 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। दोपहर 3 बजे रायपुर एयरपोर्ट से अम्बिकापुर एयरपोर्ट जिला सरगुजा के लिये रवाना होंगे। शाम 4 बजे अम्बिकापुर पहुंचकर इंदिरा सिंह (बेबी राज) को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शाम 5.20 बजे अम्बिकापुर एयरपोर्ट से रायपुर के लिये रवाना होंगे।

## साय बोले- संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने लगाया था आपातकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों का त्याग-तपस्या और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हें सम्मान देने के लिए राज्य सरकार द्वारा सम्मान निधि देना फिर से शुरू कर दिया गया है और पिछले पांच वर्षों की रोकी गई सम्मान निधि की राशि सेनानियों को एकमुश्त दी जा चुकी है। पिछली सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि को बंद कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा, संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने आपातकाल लगाया था। आपातकाल को देश पर थोपकर लोकतंत्र को कुचला गया था।

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ आपातकाल स्मृति दिवस पर आयोजित लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) के सम्मान समारोह में उन्होंने लोकतंत्र सेनानी स्व. बलीराम कश्यप और स्व. नरहरि साय सहित अनेक सेनानियों का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों को शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों ने मुख्यमंत्री को चांदी का मुकुट और गजमाला पहनाकर सम्मान निधि पुनः प्रारंभ करने और पिछले पांच वर्षों की राशि देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### लोकतंत्र सेनानियों का त्याग कभी भुलाया नहीं जा सकता

मुख्यमंत्री ने कहा, आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लोकतंत्र सेनानियों ने काफी कष्ट उठाया। लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने परिवारों की परवाह न करते हुए जेल गए। जहां उनके साथ बर्बरता की गई। उनके परिवारजनों ने भी काफी कष्ट सहे। देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए इन सेनानियों ने और उनके परिवारों ने अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा, 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगा था, विपक्षी नेताओं को जेल में बंदकर दिया गया था। मीडिया का अधिकार छीन लिया गया था, लोगों को प्रताड़ित किया गया।

## मवेशी परिवहन के आरोप में दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह निर्देश पर अवैध पशु परिवहन एवं अन्य अवैध कारोबार पर नकेल कसते हुए मंदिरहसौद पुलिस ने ट्रक (407) मे रायपुर—उडीसा नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से मवेशी रखकर ले जा रहे वाहन पर कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर के निर्देशन मे थाना मंदिर हसौद टीम द्वारा घेराबंदी कर उपरोक्त वाहन को स्टेडियम चौक से आगे हाईवे पर घेराबंदी कर रोका गया, वाहन की तलाशी लेने पर उसमे मवेशी मिले जिसके परिवहन संबंध मे दस्तावेज प्रस्तुत करने बोलने पर दोनो आरोपियों द्वारा किसी भी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया।



आरोपियों का कृत्य छ.ग. कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 2004 की धारा 6, 10 पाये जाने से आरोपियों के विरूद्व थाना मंदिर हसौद मे अपराध पंजीबद्व कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी वकील अहमद उम्र 36 वर्ष पिता सफीक अहमद पता ग्राम शाहपुर थाना शाहपुर जिला मुज्जफ्रनगर उत्तरप्रदेश हाल पता भैसथान सरोना जिला रायपुर, सुरेश राय उम्र 45 वर्ष पिता रामचरित राय पता ग्राम चकपहार थाना ताजपुर जिला समस्तीपुर बिहार हालपता भैसथान सरोना जिला रायपुर को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## मांढर जोरा तालाब की पचरी मरम्मत में गड़बड़ी की शिकायत पर जांच नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

धरसींवा जनपद पंचायत ग्राम मांढर 15 वें वित्त की राशि से स्वीकृत करवा कर योगेंद्रनगर के जोरा तालाब का 1 लाख 98 हज़ार की लागत से पचरी का मरम्मत पिछले साल ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य किया गया था । लेकिन एक ही साल में ही पचरी मरम्मत कार्य पत्थर टूट कर बिखर गया है । जिसे लेकर ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत एक महीना पहले जिला पंचायत रायपुर में की गई है।

- जिला पंचायत रायपुर में हुई शिकायत पर धरसीवा सीईओ ने जांच की बात कही पर की नहीं

इस दौरान धरसींवा जनपद सीईओ अनीता जैन इस पूरे मामले में जांच करवाने की बात कही गई थी। लेकिन पूरे एक महीने बीतने के बाद भी अभी तक जांच शुरू नहीं हो पाई है । इसके बावजूद भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे दिया जा रहा है । अब बारिश का मौसम शुरू होने वाला है । तालाब में बारिश का पानी भर जाने से जांच करने में दिक्कत होगी । ग्रामीणों का कहना है कि तत्काल इसकी जांच कराया जाए ।

**जांच के नाम पर हो रही है लीपा पोती** :- योगेन्द्र नगर के वार्ड क्रमांक 18 व 19 में स्थित जोरा तालाब का पचरी क्षतिग्रस्त हो गया था। ग्रामीणों को निस्तारित करने में दिक्कतें आ रही थी। जिसके मरम्मत के लिए पंचायत ने 15 वें वित्त की राशि से एक ठेकेदार को कार्य दिया गया था । परंतु पचरी मरम्मत में किसी प्रकार का सुधार कार्य नहीं हुआ है ।

अब पंचायत मूल्यांकन करवा कर ठेकेदार को 1 लाख 98 हज़ार का भुगतान कर दिया गया है। अगर इस पूरे मामले में बारीकी से जांच कराया जाए तो बड़ा खुलासा इसमें सामने आएगा । ग्रामीण जिला पंचायत में फोटोग्राफी करवा कर शिकायत कर चुके हैं। लेकिन जांच के नाम पर खाना पूर्ति हो रही है ।

## प्राचीन है आरंग के जगन्नाथ मंदिर का इतिहास

# कढ़ी-भात का प्रसाद लगेगा 6 को, जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा 7 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

पुरा नगर आरंग का इतिहास सदियों पुरानी है। इसे धार्मिक और मंदिरों की नगरी होने का गौरव प्राप्त है। वहीं नगर के मध्य में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर का इतिहास काफी प्राचीन है। पूर्वमुखी यह मंदिर का मंडप द्वार बारह पाषाण स्तंभों से निर्मित है। गर्भगृह में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा मैया की कास्ट की प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के गर्भगृह के दरवाजे के ठीक ऊपर शीलालेख में पचकौढ़ीया बाबा 1234 अंकित है। इससे यह मंदिर की प्राचीनता का अनुमान लगाया जा सकता है।

लोग बताते हैं पहले इस मंदिर के सम्मुख पचकौढ़ीया बाबा का पाषाण निर्मित मठ था, जो वर्तमान में नही है। मंदिर के प्रवेश द्वार की दाहिने ओर पाषाण से निर्मित काफी प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान तथा बाएं ओर भगवान जगन्नाथ स्वरुप पतीत पावन की काष्ठ की मूर्ति स्थापित है। मंदिर के आसपास राम जानकी मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर और भगवान भुनेश्वरनाथ महादेव मंदिर है। इसलिए श्रद्धालु इनके दर्शन को चार धामों का दर्शन मानते हुए भगवान जगन्नाथ के साथ—साथ इन सभी मंदिरों की परिक्रमा और दर्शन करते हैं।






प्रतिवर्ष रथयात्र के अवसर पर भगवान जगन्नाथ की विशेष पूजा—अर्चना के साथ नगर भ्रमण कराया जाता है। जिसमें नगर सहित अंचल के हजारों श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। लोग बताते हैं जेठ पूर्णिमा स्नान यात्र के बाद भगवान जगन्नाथ आलस में चले जाते हैं। जिसे भगवान को बुखार लगना, कहा जाता है। भगवान को दशमीं, एकादशी और द्वादस को काढ़ा पिलाया जाता है और तेरस से पथभात भोग प्रारंभ हो जाता है। आषाढ़ शुक्ल द्विज को भगवान कढ़ीभात का भोग पश्चात रथयात्र के दिन नगर भ्रमण में निकलते हैं। वहीं इस वर्श 07 जुलाई को भगवान जगन्नाथ रथ में सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। इस तरह नगर में रथयात्र का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।

## विधायक खुशवंत साहेब ने समोदा में लगाया जनदर्शन



**आरंग।** आरंग विधायक कार्यलय में प्रत्येक बुधवार को जनदर्शन लगाकर अपने क्षेत्र की समस्याएं को तो सुन ही रहें है। लेकिन अब क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसलिए अब विधानसभा क्षेत्र के अलग—अलग स्थानों पर जनदर्शन का आयोजन कर अपनो के बीच जाकर समस्याओं को सुन रहें और और अधिक समस्याओं का त्वरित निराकरण भी कर रहें है।

इसी कड़ी में बुधवार को आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम समोदा में जनदर्शन लगाकर लोगो की समस्याएं सुनी। इस जनदर्शन से क्षेत्र के लोगो की उम्मीदें बढ़ गयी है। अब सीधे शिकायत पर समाधान होगा और घर बैठे होगा। इसका पूरा श्रेय आरंग के विधायक श्री गुरु खुशवंत साहेब जी को जाता हैं। इस अवसर क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थें। वहीं आरंग विधायक कार्यालय जनदर्शन में कुल 165 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमे 62 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

# सौर ऊर्जा का हर काम क्रेडा से कराएं, सरकार ने निकाला दस साल पुराना आदेश

## प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के लिए दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिक निगम और नगर पंचायतों के लिए आदेश जारी किया है कि नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत किए जाने वाले सौर ऊर्जा से संबंधित किसी भी प्रकार का काम सीधे न करवाकर क्रेडा के माध्यम से करवाएं। खास बात ये है कि यह आदेश जारी करने के लिए सरकार के 10 साल पुराने एक आदेश का हवाला दिया गया है।

■ क्रेडा सौर ऊर्जा क्षेत्र की नोडल एजेंसी है

राज्य में नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायों में सौर ऊर्जा से संबंधित कार्य बड़ी संख्या में करवाए जा रहे हैं, लेकिन नगरीय निकाय ये काम खुद ही किसी बाहरी एजेंसी या संस्था के माध्यम से करवा रहे हैं। ऐसा करने से सरकारी एजेंसी छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय विकाय अभिकरण (क्रेडा) को काम नहीं मिल पा रहा है। अब नगरीय निकायों से कहा गया है कि वे सौर ऊर्जा से संबंधित काम क्रेडा के माध्यम से ही करवाएं।



### गुणवत्ता हो रही प्रभावित

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने यह निर्देश देने के साथ ही राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा 10 साल पहले जारी किए आदेश को भी निकाला है। तत्कालीन सरकार ने इस संबंध में प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सभी विभागाध्यक्ष, सभी कलेक्टर, सभी जिला पंचायत सीईओ को आदेश दिया था कि सौर ऊर्जा से संबंधित काम क्रेडा के माध्यम से ही करवाएं। इस आदेश में कहा गया था कि भारत सरकार के नवीन एवं नवीनकरणीय ऊर्जा आधारित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए क्रेडा राज्य की नोडल एजेंसी है। क्रेडा द्वारा यह ध्यान में लाया गया है कि राज्य में पारंपरिक उर्जा आधारित योजनाओं का क्रियान्वयन तथा गैर परंपरागत स्रोत आधारित उपकरण, उपस्कर का क्रय अन्य विभागों द्वारा सीधे किया जा रहा है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही भारत सरकार से प्राप्त होने वाली वित्तीय सहायता से वंचित होने की आशंका बनी रहती है।

# छत्तीसगढ़ में वार्डों के परिसीमन पर कांग्रेस-भाजपा में टकराव

वार्डों की जनसंख्या एक समान और उनकी सीमाओं में पुनर्गठन से राजनीतिक नफा नुकसान का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के 184 नगरीय निकायों के वार्डों का नए सिरे से परिसीमन शुरू हो गया है। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग ने राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र भेजकर नए सिरे से वार्डों का परिसीमन कराने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि राज्य में 14 नगर निगम, 48 नगर पालिका परिषद और 122 नगर पंचायत कुल 184 नगरीय निकाय हैं। आदेश के तहत नगरीय निकाय चुनाव से पहले नगर निगम के परिसीमन का काम 24 जून से शुरू हो गया है।

■ कांग्रेस ने इसे गैर जरूरी बताया, वहीं भाजपा का कहना है त्रुटियों में इससे होगा सुधार

परिसीमन में वार्डों की दिशा, वार्डों की संख्या, एससी-एसटी जनसंख्या के आंकड़े, वार्डों का विभाजन, वार्डों का क्रमांक तथा नाम, वार्डों की सीमा, जनसंख्या संबंधी पत्रक, वार्डों के सीमा निर्धारण संबंधी प्रारंभिक प्रकाशन, दावा आपत्ति, सुझावों का निराकरण व वार्ड विभाजन की अंतिम अधिसूचना का प्रारूप होगा। परिसीमन को लेकर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने नजर आ रहे हैं। परिसीमन में रायपुर के 70 वार्डों में जनसंख्या एक जैसी की जाएगी। 2011 की जनसंख्या के अनुसार रायपुर के 1 वार्ड में लगभग 14 हजार की आबादी होनी चाहिए, लेकिन रायपुर में अभी कई ऐसे वार्ड हैं, जहां पर आबादी कहीं कम है, तो कहीं ज्यादा है। 2011 की जनगणना के अनुसार रायपुर की आबादी इस समय करीब 10.48 लाख है। इसी को आधार मानकर हर वार्ड में करीब 14 हजार की जनसंख्या के अनुपात में वार्डों का परिसीमन होगा। इससे कई वार्डों के मतदाता इधर से उधर हो जाएंगे। पार्षदों में इसे लेकर अभी से खलबली शुरू हो गई है। शासन की ओर से परिसीमन का काम 24 जून से शुरू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी कर रहा भाजपा पार्षद दल महापौर की तरफ से उठाए जा रहे सवाल को लेकर अक्रामक है।



### परिसीमन गैर जरूरी : ढेबर



पिछले दिनों एमआईसी की बैठक में भी परिसीमन को लेकर चर्चा की गई, इसके बाद महापौर एजाज ढेबर ने परिसीमन के कार्य को गैर उपयोगी बताया। उन्होंने कहा, साल 2011 को आधार बनाकर साल 2019 में वार्डों का परिसीमन किया गया था, तो अब साल 2024 में इस आधार पर एक बार फिर वार्डों का परिसीमन क्यों किया जा रहा है। वार्डों का परिसीमन 10 साल बाद होना चाहिए, जबकि निगम में वार्डों का परिसीमन पुरानी जनगणना के हिसाब से 5 साल पहले किया गया था। जनगणना अभी भी नहीं हुई है, फिर किस आधार पर शासन परिसीमन की बात कर रहा। रायपुर नगर निगम के न तो वार्ड बढ़ रहे हैं और न ही इसे महा नगर पालिका घोषित किया जा रहा है। अगर ये दो होते, तो परिसीमन जायज रहता, लेकिन यहां ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है।

### भाजपा ने उठाए सवाल

रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का कहना है कि कुछ वार्ड ऐसे हैं, जहां जनसंख्या अधिक है। कुछ वार्ड में जनसंख्या कम है। जो भी जनप्रतिनिधि चुनकर आते हैं, वह चाहे फिर भाजपा या कांग्रेस के हों, उन्हें काम करने में दिक्कत होती है। महापौर का परिसीमन का विरोध करना समझ से परे है। यह स्वयं महापौर को संदेह के घेरे में डाल रहा है। आखिर वे परिसीमन से पीछे क्यों भाग रहे हैं? परिसीमन की प्रक्रिया शुरूपरिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, इसके अनुसार 24 जून से 8 जुलाई तक वार्डों के विस्तार का काम होगा। 9 से 15 जुलाई के बीच परिसीमन कार्य का प्रकाशन किया जाएगा। 18 जुलाई को आपत्ति-सुझाव मंगाया जाएगा। वार्डों में जनसंख्या 14 हजार के आसपास करने की कवायद हो रही है।

### बदलेगा राजनीतिक समीकरण

बताया जाता है कि विवाद का एक प्रमुख कारण यह है कि नगर निगम के वार्डों का नए सिरे से परिसीमन की स्थिति में हर एक वार्ड का राजनीतिक समीकरण बदला नजर आएगा। वर्तमान पार्षद के अलावा पार्षद का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को भी नए सिरे से संभावनाएं तलाशनी होगी। साथ ही राजनीतिक समीकरण भी उसी अंदाज में बिठाना होगा।

# पीएम गति शक्ति योजना के लिए डाटा जुटाने का आदेश, जियो टैग के साथ करना होगा अपलोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के सभी नगरीय निकायों को प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के लिए डाटा जुटाने का आदेश जारी किया गया है। राज्य स्तरीय ब्रॉड बैंड समिति की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए गए थे। खास बात ये है कि निकायों को सात दिनों के अंदर निकाय क्षेत्र में यह डाटा जुटाना है। इसमें स्ट्रीट लाइट, बस शेल्टर, रोड, एसएलआरएम सेंटर, ओवर हैड टैंक, कम्यूनिटी टायलेट, पब्लिक टायलेट, वाटर एटीएम और सब्जी मार्केट की जानकारी देनी है, वह भी जियो टैग के साथ।

### सात दिनों में जुटाना है डाटा

माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के लिए डाटा जुटाने का जो काम नगरीय निकायों को सात दिनों में करने कहा गया है, वह आसान तो बिल्कुल नहीं है। यह इसलिए की निकाय वार ये जानकारी देना है। इसमें स्ट्रीट लाइट के संबंध में जो जानकारी मांगी गई है। उसमें संभाग का नाम, जिले का नाम, निकाय का नाम, पोल नंबर, पोल का स्वामित्व निकाय सीएसईबी या पीडब्लुडी या अन्य की जानकारी देनी है। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट का प्रकार, सिंगल, ओवरहैंग, डबल ओवर हैंग, पोल का स्ट्रक्चर आरसीसी, स्टील, ट्यूबलर या अन्य की जानकारी लेटी ड्यूड और लोंगिट्यूड के साथ देनी है। इसी प्रकार सड़क की जानकारी में बताना है कि रोड या सड़क का नाम, रोड का प्रकार, रोज का प्रारंभिक लोकेशन स्टार्टिंग प्वाइंट, रोड का अंतिम लोकेशन सड़क की लंबाई और चौड़ाई मीटर में तथा लेटी ड्यूड और लोंगिट्यूड के साथ जानकारी देनी है। बस शेल्टर के संबंध में बताना है बस शेल्टर का नाम, बस शेल्टर एरिया का क्षेत्रफल मीटर में, बस शेल्टर का पता, तथा लेटी ड्यूड और लोंगिट्यूड के साथ जानकारी देनी है। नगरीय निकायों के ये भी डाटा देना है कि उनके क्षेत्र में काम्पेलक्स कितने है। काम्पलेक्स का नाम और पता वह भी लेटी ड्यूड और लोंगिट्यूड के साथ। निकायों को ये भी बताना होगा कि उनके निकाय क्षेत्र में कितने उद्यान है, उद्यान का पता क्या है। सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालय की जानकारी में बताना है कि कितने सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालय हैं। इसी क्रम में सब्जी मार्केट की जानकारी देनी है कि कितने सब्जी मार्केट हैं। उनका पता क्या है। निकायों को ये भी बताना होगा कि उनके क्षेत्र में कितने वाटर एटीएम लगे हैं उनका पता क्या है।

# लोकसभा चुनाव में हार की समीक्षा करने कल से पांच दिन के दौरे पर रहेंगे मोइली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार की समीक्षा करने कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर गठित एक कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली 28 जून से राज्य के पांच दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। वे पांच दिन राज्य के रायपुर, बिलासपुर, कांकेर का दौरा कर हार के कारणों को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और लोकसभा के प्रत्याशियों से चर्चा करेंगे। अंत में कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस नेताओं से चर्चा कर अंतिम रिपोर्ट तैयार करेंगे।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की समीक्षा करने एआईसीसी ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित की है। कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी को नियुक्त किया गया है। कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली 28 जून को रायपुर पहुंचेंगे। इस दौरान लोकसभा चुनाव के नतीजों पर मंथन किया जाएगा। समीक्षा पर कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर एआईसीसी को सौंपेगी। उसके आधार पर प्रदेश कांग्रेस में फेरबदल हो सकता है। बताया जाता है कि रायपुर और दुर्ग संभाग की लोकसभा सीट की बैठक लेंगे। बस्तर संभाग की दो सीटों के लिए कांकेर और बिलासपुर और सरगुजा संभाग की लोकसभा सीटों पर चर्चा करेंगे। संभागवार नेताओं के साथ हार के कारणों की समीक्षा करेंगे।

संभाग वार समीक्षा कर रिपोर्ट एआईसीसी को सौंपेंगे



### 28 जून को आएंगे, 1 जुलाई को लौटेंगे

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरप्पा मोइली 28 जून को 11:55 बजे बेंगलुरु एयरपोर्ट से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। दोपहर 1:30 बजे राजीव भवन रायपुर में बैठक लेंगे। 29 जून सुबह 9 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। सुबह 11 बजे बिलासपुर कांग्रेस भवन में बैठक लेंगे। 30 जून को सुबह 8 बजे बिलासपुर से कांकेर के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे राजीव भवन कांकेर में बैठक लेंगे। 1 जुलाई को सुबह 11 बजे कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में बैठक लेंगे एवं रात्रि 7:55 बजे नियमित विमान से रायपुर से बेंगलुरु के लिए रवाना होंगे।

# साय बोले- संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने लगाया था आपातकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों का त्याग-तपस्या और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हें सम्मान देने के लिए राज्य सरकार द्वारा सम्मान निधि देना फिर से शुरू कर दिया गया है और पिछले पांच वर्षों की रोकी गई सम्मान निधि की राशि सेनानियों को एकमुश्त दी जा चुकी है। पिछली सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि को बंद कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा, संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने आपातकाल लगाया था। आपातकाल को देश पर थोपकर लोकतंत्र को कुचला गया था।

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ आपातकाल स्मृति दिवस पर आयोजित लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) के सम्मान समारोह में उन्होंने लोकतंत्र सेनानी स्व. बलीराम कश्यप और स्व. नरहरि साय सहित अनेक सेनानियों का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों को शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों ने मुख्यमंत्री को चांदी का मुकुट और गजमाला पहनाकर सम्मान निधि पुनः प्रारंभ करने और पिछले पांच वर्षों की राशि देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



### लोकतंत्र सेनानियों का त्याग कभी भुलाया नहीं जा सकता

मुख्यमंत्री ने कहा, आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लोकतंत्र सेनानियों ने काफी कष्ट उठाया। लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने परिवारों की परवाह न करते हुए जेल गए। जहां उनके साथ बर्बरता की गई। उनके परिवारजनों ने भी काफी कष्ट सहे। देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए इन सेनानियों ने और उनके परिवारों ने अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा, 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगा था, विपक्षी नेताओं को जेल में बंदकर दिया गया था। मीडिया का अधिकार छीन लिया गया था, लोगों को प्रताड़ित किया गया। इसी की याद में 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाते हैं।

### उनका यह अभियान वंदनीय

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, लोकतंत्र सेनानियों ने बड़े कष्ट सहे। जो जेल गए उन्होंने जेल में और उनके परिवारों ने जेल के बाहर यातनाएं सही। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, लोकतंत्र सेनानियों ने घर का अमन-चैन त्यागकर लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ी। उनका यह अभियान वंदनीय है। मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने कहा, लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए हमें लोकतंत्र सेनानियों के संघर्षों को याद रखने की जरूरत है।

### ये थे मौजूद

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, लखन लाल देवांगन, ओपी चौधरी, विधायक पुन्नूलाल मोहले, धरमलाल कौशिक, मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा, लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, रामप्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

## प्रदेश के 97 प्रतिशत कर्मियों को मिलेगा ओपीएस

# ओपीएस का विकल्प चुनने वालों को मिलेगा पुरानी पेंशन योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक जिन्होंने पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस का विकल्प चुना था, उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। जानकार सूत्रों के अनुसार ऐसे कर्मचारी अधिकारी जो रिटायरमेंट के करीब हैं, उनके प्रकरण ओपीएस के लिए बनने शुरू हो गए हैं।

खास बात ये है कि पिछली कांग्रेस सरकार ने ओपीएस लागू करने के बाद कर्मियों को ओपीएस या एनपीएस (नई पेंशन योजना) में से किसी एक का विकल्प चुनने कहा था। राज्य के 97 प्रतिशत अधिकारियों कर्मचारियों ने ओपीएस का विकल्प चुना था।



### पेंशन योजना को लेकर था संशय

राज्य में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद इस बात को लेकर संशय बना था कि राज्य में पुरानी पेंशन योजना लागू होगी या नहीं। या पिछली सरकार का निर्णय बदलकर फिर से नई पेंशन योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस संबंध में राज्य सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार ने इस मामले में पिछली सरकार के निर्णय और कर्मियों द्वारा चुने गए विकल्प को ही मान्य किया है। इस तरह राज्य में ओपीएस का विकल्प चुनने वाले 97 प्रतिशत कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ ही मिलेगा यह तय है।

### ये है मामला

दरअसल पिछली कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना(ओपीएस) लागू करने का निर्णय लिया था। लेकिन इसके साथ ही सरकार ने यह तय किया था कि वह इस निर्णय पर अपने अधिकारियों कर्मचारियों की राय को तवज्जो देगी। इसके लिए सरकार ने कर्मियों के सामने दोनों पेंशन योजना के विकल्प रखे थे। 97 प्रतिशत कर्मियों ने ओपीएस तथा तीन प्रतिशत ने एनपीएस का विकल्प चुना था। इसके साथ ही तय हो गया था कि राज्य के शासकीय सेवकों को ओपीएस का लाभ मिलेगा।

### एनएसडीएस लें, रकम की वापसी भी

प्रदेश के शासकीय कर्मी जो एनपीएस के सदस्य थे, उनके अंशदान की राशि एनएसडीएल संस्था में जमा होती थी। पिछली सरकार ने जब ओपीएस लागू करने का निर्णय लिया तभी एनएसडीएल के पास जमा राज्य के कर्मियों के 17 हजार 200 करोड़ रुपए वापस मांगे गए थे, लेकिन तत्कालीन केंद्र सरकार ने यह राशि देने से इनकार किया था। यह कहा गया था कि यह राशि वापस देने का कोई प्रावधान नहीं है। अब जबकि राज्य के शासकीय सेवको ने ओपीएस का विकल्प भरा तभी ये शर्त रखी गई थी, उन्हें एनएसडीएल में जमा राशि वापस लाकर राज्य सरकार को देनी है। बताया गया है कि रिटायर होने वाले कर्मियों की यह राशि अब एनएसडीएल राज्य सरकार के पास जमा करवा रहा है। अब राज्य सरकार यह राशि अपने कोष में जमा करके ओपीएस के प्रावधान के अनुरूप कदम उठाएगी। यह जानकारी भी मिली है कि रिटायर होने वाले ही नहीं, बल्कि नई भर्ती के शासकीय सेवकों को भी उनका सेवाकाल दस साल होने के बाद ओपीएस में शामिल किया जाएगा। राज्य में करीब तीन हजार कर्मी ही ऐसे हैं जो रिटायरमेंट के करीब थे, उन्होंने एनपीएस चुना था, इसी योजना के हिसाब से वे उनके लिए प्रावधान लागू होंगे।

# हत्या के आरोपियों को संरक्षण और समर्थन असंवैधानिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



आरंग की घटना के आरोपियों के समर्थन में राजधानी के सिटी कोतवाली थाने के घेराव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, यह घटना सभ्य समाज के लिए कलंक है। भाजपा की सरकार में हत्या के आरोपियों के समर्थन में भाजपा और आरएसएस के आनुशांगिक संगठनों द्वारा सिटी कोतवाली थाने का घेराव, कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगता है। उन्होंने कहा, भयमुक्त वातावरण प्रत्येक छत्तीसगढ़िया का अधिकार है, लेकिन साय सरकार आने के बाद से छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया है। हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार जैसी घटनाएं होने लगी हैं। कलेक्टर और एसपी दफ्तर भी सुरक्षित नहीं रहे।

डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ मणिपुर की तरह जल रहा है। अपराधी बेखौफ हैं और अपराधियों के संरक्षण में जुलूस निकालकर थाने घेरे जा रहे हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। आरोपियों के समर्थन में दबाव बनाना संविधान और कानून का खुलेआम मखौल उड़ाने के समान है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को सरकार की स्थिति स्पष्ट करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### नई धाराओं पर कार्यशाला आज



**रायपुर।** देश में 1 जुलाई से लागू हो रहे नए आपराधिक कानून के संबंध में सभी समाज वर्ग को जागरूक करने के लिए गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित सभागार में भारतीय न्याय संहिता-23 पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला शाम 5 बजे रखी गई है। इसमें न्यायिक, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता और प्रॉसिक्यूटर सहित विधि विशेषज्ञ शामिल होंगे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने बुधवार को कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह व एसएसपी संतोष सिंह के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया।

### सचिन पायलट का छत्तीसगढ़ दौरा आज

**रायपुर।** एआईसीसी महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट 27 जून को दोपहर 2.25 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे।



दोपहर 3 बजे रायपुर एयरपोर्ट से अम्बिकापुर एयरपोर्ट जिला सरगुजा के लिये रवाना होंगे। शाम 4 बजे अम्बिकापुर पहुंचकर इंदिरा सिंह (बेबी राज) को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शाम 5.20 बजे अम्बिकापुर एयरपोर्ट से रायपुर के लिये रवाना होंगे। रायपुर में रात्रि विश्राम करेंगे।

### नेता प्रतिपक्ष राहुल जन सरोकारों के होंगे प्रहरी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सांसद राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से लोकतंत्र मजबूत हुआ। सरकार की मनमानी पर रोक लगेगी और सदन में गरीब जनता, किसान, युवा, सभी वर्गों की आवाज बुलंद होगी। संवैधानिक संस्थानों पर नियुक्ति में जो संघ समर्थित लोगों को मनमानी तरीके से बैठाया जाता था, वह अब नहीं होगा, संविधान सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार की मनमानी, तानाशाही नीतियां और जन विरोधी कानूनों के खिलाफ सदन से लेकर सड़क तक आवाज उठा रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हजारों किलोमीटर से अधिक की यात्रा करके मोदी सरकार द्वारा उत्पन्न किए गए डर भय को खत्म किया है।



### उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर।** दुर्ग सराफा संघ के अध्यक्ष एवं प्रदेश सराफा संघ के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रकाश सांखला ने बुधवार को उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य भेट की। इस मुलाकात के दौरान श्री सांखला ने प्रदेश सराफा व्यापार से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री को सराफा संघ की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया, जिनमें व्यापारियों के लिए सुविधाओं में सुधार, सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती, और डिजिटलाइजेशन के माध्यम से व्यापारिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के विषय प्रमुख थे।

### चंगोराभाटा भवन में लगाया कपड़ों का मेला

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर रॉयल कैपिटल ने श्रीकृष्णा कोचिंग द्वारा प्रयोजित 'वस्त्र-कपड़ों का मेला' नाम से एक मेगा मेले का आयोजन किया। 2500 से अधिक कपड़ों का मेला चंगोराभाटा स्थित सांस्कृतिक भवन में बुधवार को लगाया गया। जेसीआई कैपिटल के अध्यक्ष जेसी रितिक अग्रवाल ने बताया कि कपड़ों का मेला में लगभग 1500 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य वंचितों को कपड़ा उपलब्ध कराना था, जिसकी रेंज 10 रुपए से शुरू हुई, इससे जुटाई गई राशि का उपयोग शहर में पौधे लगाने में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीनल छगन चौबे एवं जेएफआर पीपीपी राजेश अग्रवाल के अलावा जेसी आदित्य अग्रवाल, विक्की चंदानी, नीरज तिवारी, मनीष पाहुजा, अमन अग्रवाल, फाल्गुनी पारेख, धारा विरानी की टीम शामिल थे।

# वरिष्ठ रंगकर्मी जलील रिजवी नहीं रहे



रायपुर। पिछले साठ साल से अधिक समय रंगमंच में सक्रिय रंगकर्मी, नाट्य डायरेक्टर जलील रिज़वी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। उनकी पत्नी नूतन रिजवी भी रंगकर्म से जुड़ी हुई हैं। जलील रिजवी ने अपनी नाट्य संस्था अग्रगामी के जरिए बहुत से नाटकों का मंचन किया। वे 81 वर्ष के थे। छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसाइटी और तमाम रंगकर्मियों, संस्कृति कर्मियों ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

## निधन

### कमला पांडे



रायपुर। गीतांजलि नगर निवासी कमला पांडे का 26 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 जून को दोपहर 2 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे रिटायर्ड आबकारी अधिकारी लालजी पांडे की पत्नी और नागेंद्र पांडे तथा डा. सत्येंद्र पांडे की माता थीं।

### अनीता मिश्रा



रायपुर। समता कॉलोनी निवासी अनीता मिश्रा का 26 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 जून को दोपहर 12 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे गौरीशंकर मिश्रा की पत्नी और प्रणेश मिश्रा की माता एवं पत्रकार राजेश मिश्रा, सुरेश मिश्रा, अनिल मिश्रा की चाची थीं।

### गीता राजपुरोहित



रायपुर। टैगोर नगर निवासी गीता राजपुरोहित (75) का 26 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 जून को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे भंवर सिंह राजपुरोहित की पत्नी और सतीश, शेखर एवं योगेंद्र राजपुरोहित की माता थीं।

### जैन साध्वी शशिप्रभा



रायपुर। जैन साध्वी शशिप्रभा श्रीजी का बंगाल के पांशकुड़ा, कोलाघाट के पास सड़क दुर्घटना में 26 जून को देवलोक गमन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 जून को सुबह 9 बजे खड़गपुर में किया जाएगा। उनके निधन पर अखिल भारतीय जैन श्वेतांबर प्रतिनिधि महासभा के पदाधिकारियों और जैन समाज ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### शारदा प्रसाद शर्मा



रायपुर। पुरानीबस्ती बनियापारा निवासी नूतन हाईस्कूल धमतरी के पूर्व प्राचार्य शारदा प्रसाद शर्मा सिवनी वाले (98) का 26 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 जून को सुबह 9.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे प्रफुल्ल शर्मा एवं चंद्रशेखर शर्मा के पिता थे।

### रेणुका वर्मा



रायपुर। ग्राम टेकारी (जुलुम) निवासी रेणुका वर्मा का निधन हो गया। वे स्व. दुर्गाप्रसाद वर्मा की पत्नी, डोमेश्वर, विनायक, खोमेश वेंकट की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम टेकारी स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

# साय बोले- जल्द होगा कैबिनेट का विस्तार, कांग्रेस अपना घर संभाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कैबिनेट में दो मंत्री पद खाली होने पर कहा, जल्द ही इसका विस्तार होगा। वहीं कांग्रेस के एक अनार सौ बीमार वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा, उनके मुंह से यह सब कहना शोभा नहीं देता। अपने घर को संभाले, अपने घर में झांक कर देखे। आज कांग्रेस की क्या दुर्गति हो गई, यह सब जान रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सक्षम है।

दिल्ली से लौटने के बाद एयरपोर्ट पर संवादाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई। मैंने उन्हें बताया कि किस तरह से राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में 'मोदी की गारंटी' को पूरा करने के लिए काम कर रही है। साथ ही यह भी बताया कि हम कैसे नक्सलियों के खिलाफ लड़ रहे हैं।

मैंने प्रधानमंत्री को नियाद नेलानार से गांव वालों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने कहा, इसके अलावा मैंने प्रधानमंत्री को बताया कि विकसित छत्तीसग्रह पर विजन डॉक्यूमेंट तैयार हो रहा है। गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाक़ात हुई। उन्हें भी प्रदेश की स्थिति से अवगत कराया।

## ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर दी बधाई




### लोकसभा अध्यक्ष पर परंपरा तोड़ रहा विपक्ष

मुख्यमंत्री साय ने लोकसभा अध्यक्ष के लिये एनडीए और इंडिया गठबंधन की ओर से दावेदारी पेश किए जाने पर कहा, आज़ादी के बाद लगातार लोकसभा अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया है, लेकिन इस बार विपक्ष परंपरा को तोड़ने की बात कर रहा है। ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्होंने बिरला को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उनका पिछला पांच साल का कार्यकाल भी बहुत अच्छा रहा है। सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। अब उनको दोबारा मौका मिला है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि उनकी अध्यक्षता में लोकसभा अच्छे से चलेगी।

## इस बार चावल के लिए पड़ रहा भटकना, चार दिन बाद लैप्स हो जाएगा

# सिस्टम में चावल का स्टॉक माइनस, इसलिए एपीएल को बिना राशन लौटना पड़ रहा बैरंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर जिले में एपीएल कार्ड धारकों को इन दिनों चावल नहीं मिल पा रहा है। राशन दुकानों के ऑनलाइन सिस्टम में चावल माइनस दिखा रहा है। इसके कारण दुकानों से कार्ड धारकों को खाद्यान्न दिए बिना लौटाया जा रहा है। इधर राशन दुकानों में एपीएल कार्ड धारकों को चावल नहीं मिलने पर खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अप्रैल व मई में कई राशन दुकानदारों ने बीपीएल कोटे का चावल एपीएल कार्ड धारकों को बांट दिया है। इसके कारण उनके सिस्टम में चावल माइनस हो गया है। इस मामले में उन दुकानदारों को नोटिस जारी कर एपीएल कोटे के बेचे गए चावल की राशि एक साथ जमा करने के लिए कहा गया था, लेकिन यह राशि अब तक कई दुकानदारों ने जमा नहीं कराई है। इसके कारण एपीएल सिस्टम ब्लाक हो गया है। यह ब्लाक तभी खुलेगा जब एपीएल चावल की पूरी राशि जमा होगी।

### एपीएल कार्ड धारकों की बढ़ी परेशानी, 30 जून के बाद लैप्स हो जाएगा चावल

राजधानी रायपुर में अभी भी लगभग 20 प्रतिशत एपीएल कार्ड धारकों को उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न नहीं मिल पाया है। हितग्राही बार-बार राशन दुकानों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन दुकान का आईडी सिस्टम ब्लाक हो जाने के कारण हितग्राहियों को चावल और शक्कर दोनों नहीं मिल पा रही है। जून को खत्म होने में अब सिर्फ 4 दिन बचे हैं। इस दौरान भी अगर एपीएल धारकों को खाद्यान्न नहीं मिलेगा, तो एक माह का खाद्यान्न लैप्स हो जाएगा, क्योंकि ऑनलाइन सिस्टम में चालू महीने का ही आबंटन दिखाता है। इस कारण हितग्राही को पिछले महीने का खाद्यान्न नहीं मिल पाएगा।



### दूसरी दुकान से हितग्राही ले सकते हैं चावल

पिछले महीने बीपीएल कोटे का चावल एपीएल कार्ड धारकों को बांट दिया था। इसके कारण चालू माह में ऑनलाइन सिस्टम में एपीएल कोटे में चावल माइनस दिखा रहा है। इसके कारण कुछ दुकानों में एपीएल कार्ड धारकों को चावल नहीं मिल पा रहा है। परेशानी से बचने हितग्राही दूसरी दुकान से जाकर ले सकते हैं।

*- भूपेंद्र सिंह, जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर*

### 40 से अधिक दुकानों को जारी किया था नोटिस

विभागीय अधिकारियों के अनुसार बीपीएल कोटे का एपीएल कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण करने के मामले में 40 से अधिक राशन दुकानों को नोटिस जारी किया था। इनमें से लगभग 50 प्रतिशत दुकानदारों ने नोटिस का जवाब देते हुए एपीएल कोटे की राशि जमा करा दी, जिसके बाद उन दुकानों की आईडी खोल दी गई है। इन दुकानों को एपीएल कोटे का खाद्यान्न भी उपलब्ध करा दिया गया है, लेकिन अभी भी लगभग 20 से ज्यादा दुकानदारों ने राशि जमा नहीं कराई है।


### राशन दुकानदारों ने किया एपीएल कोटे का आबंटन बढ़ाने की मांग

इधर खाद्य विभाग और राशन दुकानदारों के बीच बुधवार को बैठक हुई। जिला खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में राशन दुकानदारों ने एपीएल कोटे का आबंटन को लेकर नाराजगी जताई। दुकानदारों ने कहा कि शहर में 98 नई राशन दुकानें खुलने के बाद एपीएल कोटे का चावल कम कर दिया गया है, वहीं वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत दुकान में पंजीकृत कार्ड धारकों के अलावा किसी भी वार्ड, शहर, राज्य का कार्ड धारक को भी खाद्यान्न देने का नियम है। इसके कारण उनकी दुकानों में हर महीने कई दूसरे कार्ड धारक भी खाद्यान्न ले जाते हैं, जबकि एपीएल का कोटा पंजीकृत कार्ड धारकों के अनुसार दिया जाता है, इसलिए दुकानदारों ने विभाग से एपीएल का कोटा बढ़ाए जाने की मांग की है।

## ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

# आम लोगों की समस्याओं का किया जाएगा निराकरण

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



आम लोगों की समस्या सुनकर उनका निराकरण करने के लिए ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। जिला पंचायत रायपुर ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। शिविर अलग माह में अलग-अलग दिन लगाए जाएंगे। इसकी शुरुआत 9 जुलाई से आरंग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत फरफौद से होगी।

**जुलाई से दिसंबर तक 12 शिविर लगेंगे :** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप ने बताया कि शिविर जुलाई से दिसंबर तक लगाए जाएंगे। इस दौरान कुल 12 शिविर लगेंगे। पहला शिविर 9 जुलाई को ग्राम फरफौद में लगेगा। इसके बाद 25 जुलाई को अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पलौद, 7 अगस्त को धरसींवा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तिरवैया में, 22 अगस्त को तिल्दा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा, 4 सितंबर को आरंग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परसदा (उत्तर), 19 सितंबर को अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केंद्री, 8 अक्टूबर को धरसींवा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सारागांव, 24 अक्टूबर को तिल्दा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटा, 6 नवंबर को आरंग विकासखंड अंतर्गत ग्राम बहनाकाड़ी, 21 नवंबर को अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सुंदरकेरा, 5 दिसंबर को धरसींवा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मांढर तथा अंतिम दिन 19 दिसंबर को तिल्दा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छतौद में शिविर लगाया जाएगा।

### सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक लगेगा शिविर

शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगेगा। इस दौरान कोई भी आम नागिरक आवेदन के जरिए अपनी समस्या की जानकारी शिविर में दे सकता है। इन आवेदनों का निराकरण शिविर में किया जाएगा, जिसकी समीक्षा भी उसी दिन होगी। शिविर की जानकारी प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचे। इसके लिए सीईओ ने विभागीय अधिकारियों को सभी कोटवारों के द्वारा गांवों और आसपास के साप्ताहिक बाजार में सूचना पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

# सड़क पर गंदगी फैलाने के मामले में 24 दुकानदारों पर कार्रवाई, वसूला जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गंदगी फैलाने पर कड़ी कार्वाई करने की चेतावनी भी दी

नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को रेलवे स्टेशन चौक से लेकर फाफाडीह चौक तक सड़क के दोनों ओर दुकानों के सामने सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 24 दुकानों के सामने गंदगी फैली मिली। टीम ने सभी दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 21 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।

जोन-2 कमिश्नर आरके डोंगरे के निर्देश पर सहायक अभियंता पीडी घृतलहरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया के नेतृत्व में टीम रेलवे स्टेशन चौक पहुंची थी। इस दौरान टीम ने रेलवे स्टेशन चौक से लेकर फाफाडीह चौक तक सड़क पर कब्जा करने और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान 24 दुकानों के सामने गंदगी फैली मिली, जिन पर जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार सड़क सीमा पर लगाए गए बोर्ड और विज्ञापन होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई भी की।

अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को समझाइश के साथ भविष्य में होर्डिंग्स बोर्ड लगाने एवं गंदगी फैलाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी।

# मारपीट के साथ चेन लूटने की दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व की घटना

टिकरापारा थाना में एक युवक ने दो लड़कों के खिलाफ मारपीट करने के साथ एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत की चेन लूटने की शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस ने युवक की शिकायत पर केवल मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। चेन लूटने के संबंध में पुलिस ने मामले की जांच के बाद लूट की शिकायत दर्ज करने की बात कही।

पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ नगर निवासी गौरव गवली की शिकायत पर दो लड़कों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। गौरव ने पुलिस को बताया कि पिछले सप्ताह 16 मई को वह पचपेड़ी नाका स्थित एक ढाबा में खाने का पार्सल लेने के लिए गया था। इस दौरान दो लड़के उसे घूर कर देख रहे थे। गौरव ने पुलिस को बताया कि घूर कर देखने की बात को लेकर उन दोनों लड़कों ने उसके साथ विवाद किया।

इसके बाद उसके कपड़े फाड़कर, मारपीट करते हुए गले में पहनी तीन तोले की सोने की चेन लूटकर ले गए। गौरव ने पुलिस को घटना का सीसीटीवी फूटेज भी उपलब्ध कराया है, फूटेज में गौरव के साथ मारपीट करने तथा कपड़ा फाड़े जाने का फूटेज आया है। साथ ही गौरव के साथ धक्का मुक्की तथा गला पकड़ने का फूटेज आया है।

# भाजपा आज से करेगी मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम

रायपुर। देश में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनने और नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को लेकर भाजपा पूरे देश में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम करने जा रही है। इन कार्यक्रमों के लिए छत्तीसगढ़ में बनाई गई समिति के संयोजक भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव बनाए गए हैं। उन्होंने बताया 27 जून से 14 जुलाई तक हर विधानसभा में मतदाताओं का अभिनंदन कार्यक्रम रखा जाएगा। प्रत्येक विधानसभा में 2000 से ज्यादा मतदाताओं के सम्मेलन संचालित कर उन्हें तिलक लगाकर, पटका पहनाकर, शाल श्री फल देकर सम्मानित किया जाएगा। श्री श्रीवास्तव में बताया, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। इसमें विकसित भारत, भाजपा का संकल्प पत्र, मोदी की गारंटी, इन विषयों पर भी चर्चा होगी। इन कार्यों के लिए बनाई गई समिति में अशोक बजाज, भरत सिसोदिया एवं उपकार चंद्राकर सदस्य बनाए गए हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, यह भाजपा के संस्कार हैं कि वह मतदाताओं को भगवान के रूप में देखती है एवं सदैव उनका धन्यवाद करती है साथ ही साथ भाजपा जनता से किए गए वादों के बारे में चर्चा भी करती है। उसका रिपोर्ट कार्ड भी देती है। इसीलिए देश के करोड़ों मतदाताओं ने लगातार तीसरी बार एनडीए को अवसर दिया है।

## पेज 11 के शेष ...

### साधु-संतों के साथ ....

थाने का घेराव करने बड़ी संख्या में साधु-संत के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ता राज्य के अलग-अलग शहरों से रायपुर पहुंचे। रायपुर पहुंचे लोग मोतीबाग स्थित बैजनाथ मंदिर के पास एकत्रित हुए। इसके बाद रैली की शक्ल में महिला थाना होते हुए कालीबाड़ी से बिजली ऑफिस चौक होते हुए शाम साढ़े चार बजे के करीब कोतवाली थाना पहुंचे। कोतवाली पहुंचने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता तथा साधु-संत धार्मिक नारा लगाते हुए आरोपियों की रिहाई की मांग करने लगे। ***मृतकों के नशे में पुल से कूदने का आरोप :*** बजरंग दल के जिला संयोजक रवि वाधवानी के मुताबिक गो तस्करों का गो-रक्षकों ने पीछा किया, तो गो तस्कर डर गए और नशे की हालत में नदी में पानी होने की आस में पुल से नीचे कूद गए। पुल से नीचे कूदे गंभीर रूप से घायल तस्करों को गो-रक्षकों द्वारा एंबुलेस से उपचार के लिए अस्पताल भेजने में मदद करने की बात कही।

### ओडिशा से लाए ....

बताकर ऑपरेशन कर दिया गया। जनरल वार्ड में रहने के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। शिकायत में बताया गया है कि उन्हें 24 जून को आईसीयू में शिफ्ट किया गया, इस दौरान उन्हें विभिन्न तरह की समस्या बताई गई। मंगलवार रात उनकी मौत हो गई।

इसे बाद परिजनों का गुस्सा भड़क गया और उन्होंने चिकित्सकों से सवाल-जवाब शुरू कर दिया। काफी देर तक हंगामा होने के बाद डाक्टर अपना आपा खो बैठे और परिजनों के साथ हाथापाई कर बैठे। इस मामले में पुलिस ने शंकरा हास्पिटल के मुख्य डाक्टर और उसके साथी के खिलाफ धारा 294, 323, 34 तथा 506 भादवि का अपराध दर्ज किया है।

### संगीत विवि व ओपन ....

पर आधारित यह नीति विद्यार्थियों को उनकी इच्छानुसार दूसरे संकाय के विषयों का अध्ययन करने की स्वतंत्रता देती है। पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान पद्धति के समावेश के साथ अन्य गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर एक प्रेसवार्ता उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार को न्यू सर्किट हाउस में रखी गई, जहां इससे संबंधित जानकारी दी गई।

### अधिकतम 7 सालों .....

पाठ्यक्रम को विद्यार्थी अधिकतम 7 वर्षों में पूर्ण कर सकता है। तृतीय वर्ष पूर्ण करने पर 'स्नातक' की उपाधि प्रदान की जाएगी। जिन विद्यार्थियों को विषय विशेष में विशेषज्ञता प्राप्त करने या शोध करने की इच्छा हो वे पाठ्यक्रम को निरंतर चौथे वर्ष में जारी रख सकते हैं।

### सुबह कड़ी धूप, शाम ....

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के मुताबिक तीन दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा इसके बाद नए महीने का स्वागत जोरदार और व्यापक बारिश के साथ होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि अभी एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी तथा उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर विस्तारित है। कुछ अन्य सिस्टम की वजह से बारिश होगा और तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-3 तहसील रायपुर, जिला रायपुर**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डूमरतालाब प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. रायपुर-2 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक विरेन्द्र मिश्रा पिता एच.पी. मिश्रा निवासी पुरानी बस्ती रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 214/114 रकबा 1200 वर्गफुट का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अति. तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 05.06.2024 के परिपालन में दिनांक 28.06.2024 को 11.00 बजे/पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बंटाकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय मे उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा। सो सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-3**

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**
**संदर्भः- जिला रायपुर तहसील-आरंग प.ह.न.-00013 धौराभांठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324440211800005**

**// ईश्तहार //**

तहसील आरंग के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम धौराभांठा के वर्तमान भूमिस्वामी सुकवारो पिता/पति-कार्तिक पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 413(0.2600), 644(0.2100), 100 (0.1100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता नंदनी पिता/पति-भुनेश्वर पता, त्रिवेणी पिता/पति-भुनेश्वर पता पुष्पा पिता/पति-भुनेश्वर पता, खिलेश्वरी पिता/पति-भुनेश्वर पता रमेशरू पिता/पति-दयाराम पता, राजिम पिता/पति-दयाराम पता बिशेसर पिता/पति-दयाराम पता गणेशिया पिता/पति-भुनेश्वर पता देवबती पिता/पति-दयाराम पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदारः SRIJAL SAHU आरंग**

# लद्धराम अध्यक्ष, सतीश बने भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश महासचिव



रायपुर। भारतीय सिंधु सभा छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांतीय सम्मेलन और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सिंधु पैलेस में बुधवार को हुई। प्रांतीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ की 26 शहर इकाईयों के शहर अध्यक्ष, सदस्यों व प्रदेश के सिंधी पंचायतों के समाज सेवियों के समक्ष निवृतमान अध्यक्ष अशोक नैनवानी ने अपने कार्यकाल समाप्ति की घोषणा करते हुए नए अध्यक्ष की नियुक्ति का निवेदन किया। इसके बाद मुख्य आतिथ्य राष्ट्रीय अध्यक्ष भगतराम छाबड़ा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में नए अध्यक्ष लद्धाराम नैनवानी और महासचिव सतीश छुगानी की नियुक्ति की घोषणा की। बैठक में शदाणी दरबार के संत डा युधिष्ठिर लाल, संत साई लाल दास, विधायक पुरंदर मिश्रा, चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, श्रीचंद सुंदरानी, चेतन तारवानी, विनीता भावनानी के अलावा, राजेश वाधवानी, सिंधी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी, अमित चिमनानी, सुषमा जेठानी, चेतन हिंदूजा, मुरली केवलानी, डिंपल शर्मा, अशोक माखीजा, मुरली शादीजा, प्रताप पोपटानी, सिमरन हिंदूजा, राजकुमारी ढिंगानी आदि के साथ 400 से अधिक की सख्या में नागरिक शामिल हुए।



# धीमी गति से निपटाए जा रहे राजस्व के प्रकरण, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आचार संहिता खत्म हुए 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन जिले के कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालय में राजस्व संबंधी प्रकरणों को निपटाने की कार्यवाही पहले की तरह धीमी गति से ही चल रही है। इसके कारण जिलेभर में राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का आंकड़ा अभी भी 9 हजार के करीब है। 20 दिन पहले यह आंकड़ा लगभग दस हजार के करीब था।

हरिभूमि सरोकार

इस तरह 20 दिन में मात्र लगभग एक हजार प्रकरण ही निपटाए गए हैं। इससे पता चलता है कि राजस्व प्रकरणों को निपटाने में विभागीय अधिकारी व तहसीलदार कितनी रुचि ले रहे हैं। इधर कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालयों में धीमी गति से निपटाए जा रहे प्रकरणों को लेकर आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है, जिसके कारण उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

## कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालय में 9 हजार प्रकरण पेंडिंग

### तहसील में हर रोज लग रही भीड़

तहसील कार्यालय में राजस्व संबंधी प्रकरणों से लेकर जाति, आय और मूल निवास बनाने के लिए हर दिन लोगों की भीड़ लग रही है। बुधवार को भी तहसील कार्यालय में खासी भीड़ रही। इस दौरान दतरेंगा गांव से आए दो युवकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उनकी जमीन का नक्शा बनाने में पटवारी से त्रुटि हो गई है, जिसे लेकर वह पिछले कई दिन से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। इस दौरान एक युवक ने बताया कि उसने मूल निवास प्रमाणपत्र के लिए 15 दिन पहले आवेदन किया था, जिसकी पड़ताल करने पहुंचा है, लेकिन उन्हें दो दिन बाद आने के लिए कहा गया है।



### जाति, मूल निवास व आय प्रमाणपत्र के लिए भी चक्कर काट रहे युवा

तहसील कार्यालय में नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, बटांकन, नक्शा-ऑनलाइन रिकार्ड में सुधार सहित अन्य राजस्व प्रकरणों को लेकर लोग तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाकर परेशान हो रहे हैं, वहीं युवा वर्ग भी जाति, मूल निवास व आय प्रमाणपत्र बनवाने के लिए हर दिन तहसील कार्यालय पहुंच रहे हैं, जिन्हें एक निश्चित तारीख दी जाती है, लेकिन इस तारीख के बाद भी उन्हें कई दिनों तक कार्यालय के चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### 8877 प्रकरण न्यायालय में लंबित

जिले के राजस्व संबंधी 8877 प्रकरण न्यायालय में लंबित हैं। इन प्रकरणों में ऐसे कई प्रकरण हैं, जिनकी सुनवाई पिछले करीब तीन महीने से नहीं हो पाई है। आचार संहिता के कारण पहले इन प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो पा रही थी और अब तहसीलदारों के कछुए गति से काम करने के कारण लंबित प्रकरणों पर सुनवाई नहीं हो पा रही है। लंबित प्रकरणों में कई प्रकरणों को 5 साल से ज्यादा हो चुके हैं, जिन्हें अब तक निपटाया नहीं गया है। हालांकि इन प्रकरणों को लेकर अधिकारियों का कहना है कि वे सभी विवादित हैं। इनमें किसी प्रकरण में कोई एक पक्ष नहीं आता है, तो किसी में दूसरा पक्ष। कुछ प्रकरण में तो दोनों पक्षों के लोग पेशी में नहीं आते हैं। इसके कारण प्रकरणों का निपटान नहीं हो पा रहा है।

## बैज के बयान पर श्रीवास्तव ने किया कटाक्ष

# ताकझांक के राजनीतिक मनोरोग ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को रसातल में पहुंचा दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस के नेता विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव में हुई करारी हार पर आत्मचिंतन करने के बजाय आज भी दूसरों के आंगन में ताकझांक की आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के ताजा बयान पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, इसी राजनीतिक मनोरोग ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को रसातल में पहुंचा दिया है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोग बिना झूठ बोले और लोगों को बिना भ्रमित किए राजनीति करना ही नहीं जानते। प्रदेश की जनता अब कांग्रेस के राजनीतिक झूठ और झांसों में कतई नहीं आ रही है। राजनीतिक तोड़फोड़ जिस कांग्रेस का कलंकित इतिहास रहा है, उसको अब यह सहन नहीं हो रहा है। कांग्रेस में दिन-रात राजनीतिक धमाचौकड़ी और घमासान देखने के आदी हो चले उनके नेता भाजपा के अनुशासन और पार्टी नेतृत्व के राजनीतिक निर्णयों को विनम्रता से स्वीकार करने की राजनीतिक विशिष्टता से हैरान हैं।

### बैज खुद दूध से निकाल फेंकी गई मक्खी न बन जाएं

उन्होंने कहा, अपने पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को दूध से मक्खी की तरह निकाल फेंकना कांग्रेस की राजनीतिक विकृति होगी, भाजपा की नहीं। दीपक बैज अपनी कांग्रेस की राजनीतिक दरिद्रता जैसी बीमारी भाजपा में ढूंढ़ने में क्यों वक्त जाया कर रहे हैं, यह समझ से परे है। चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर अन्य मामलों में पहले भी नाराजगी सामने आई थी। बैज पहले कांग्रेस के अंतर्संघर्ष को दूर कर लें, क्योंकि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में फेरबदल की सुगबुगाहट का शोर सुनाई दे रहा है, कहीं बैज खुद दूध से निकाल फेंकी गई मक्खी न बन जाएं।





### बैज बोले- बृजमोहन को दूध में गिरी मक्खी की तरह बाहर कर दिया

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने रायपुर में उपचुनाव की चर्चाओं को लेकर कहा, जल्द ही रायपुर दक्षिण में उप चुनाव होगा। हमें उसकी भी तैयारी करनी है। दावेदारों के आवेदन अभी से आ रहे हैं। कई नए दावेदार भी सामने आ रहे हैं। वहीं बृजमोहन अग्रवाल की नाराजगी से कांग्रेस को फायदा मिलने के सवाल पर बैज ने कहा, वह पार्टी के सीनियर नेता हैं। उनको दूध में गिरी मक्खी की तरह बीजेपी ने निकाल कर बाहर कर दिया है। बृजमोहन खुद नहीं चाहते थे विधायक और मंत्री पद से इस्तीफा दें, उन्होंने बेमन से इस्तीफा दिया। बीजेपी में इन दिनों सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। उसका फायदा जरूर ही कांग्रेस पार्टी को मिलेगा।

### दक्षिण उपचुनाव की तैयारी, दावेदारों के आवेदन आ रहे

कांग्रेस के दावेदारों को लेकर दीपक बैज ने कहा, हम सभी सीनियर नेताओं के साथ बैठेंगे और उनसे चर्चा करेंगे। अभी तक कुछ दावेदार ही आए हैं, अभी तो आवेदन आना बाकी है, जो मजबूत प्रत्याशी होंगे, उसे मैदान पर उतारेंगे। चुनाव की तैयारियों को लेकर जल्द ही हम कार्यकर्ताओं की बैठक भी रखेंगे। समीक्षा बैठक की तैयारी कर रहे हैं, उसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। कांग्रेस में बदलाव की चर्चा को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मोइली कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी इसी महीने प्रदेश दौरे पर आ रहे हैं। उसके बाद ही पार्टी की रणनीति आगे बढ़ाएंगे। समीक्षा के लिए हम तैयारी कर रहे हैं।

## रविवि का नया रिकॉर्ड

# एमएससी गणित प्रथम वर्ष में 3% व अंतिम वर्ष में 6%उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में इस बार खराब परीक्षा परिणाम का रिकॉर्ड बनाने होड़ मची हुई है। बुधवार को रविवि ने एमएससी मैथमैटिक्स के प्रथम व अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा की। दोनों ही कक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का प्रतिशत दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच पाया है।



■ थम नहीं रहा खराब परीक्षा परिणामों का सिलसिला, बुधवार को घोषित हुए नतीजे

एमएससी प्रथम वर्ष में जहां सिर्फ 3.45 प्रतिशत छात्र ही सफल हो सके हैं तो वहीं अंतिम वर्ष में 5.56 प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की है। प्रथम वर्ष की परीक्षा में 116 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से मात्र 4 ही उत्तीर्ण रहे। शेष 112 छात्र अनुत्तीर्ण रहे हैं। शामिल परीक्षार्थियों के अलावा 89 छात्र ऐसे रहे हैं, जिन्होंने परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन तो किया, लेकिन परीक्षा नहीं दिलाई। अंतिम वर्ष के परिणाम प्रथम वर्ष की तुलना में थोड़े बेहतर रहे हैं। एमएससी अंतिम परीक्षा में 108 छात्र शामिल हुए। इनमें से सिर्फ 6 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 102 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। 34 छात्रों ने फॉर्म तो भरा, लेकिन परीक्षा दिलाने नहीं पहुंचे। रविवि ने दोनों कक्षाओं के नतीजे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं, जहां छात्र अपने नतीजे देख सकते हैं।

### राजनीति विज्ञान में 55 प्रतिशत उत्तीर्ण

रविवि ने एमए राजनीति विज्ञान के परीक्षा परिणामों की भी घोषणा बुधवार को की। 2 हजार 312 छात्रों ने यह परीक्षा दिलाई थी। इनमें से 1,274 ही परीक्षा में उत्तीर्ण हो सके हैं। जबकि 1035 को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। 3 छात्रों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। 205 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल ही नहीं हुए। इस तरह परीक्षा परिणाम 55.1 प्रतिशत रहा है। शास्त्री विषय की परीक्षा में 49 छात्र शामिल हुए। इनमें से 15 उत्तीर्णी, 22 अनुत्तीर्ण व 10 पूरक श्रेणी में रहे हैं। दो छात्र के परिणाम रोके गए हैं तथा एक छात्र अनुपस्थित रहा। परिणाम 30.61 प्रतिशत रहे।

# कम नहीं होगा रेल यात्रियों का टेंशन, लंबी दूरी की 14 ट्रेनें कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों का टेंशन कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लंबी दूरी की 14 ट्रेनें आने वाले दिनों में कैंसिल कर दी गई हैं। रेल प्रशासन द्वारा खड़गपुर रेल मंडल के सांकराईल-सांतरागाछी लिंक लाइन को आन्दुल स्टेशन से जोड़ने का कार्य ब्लॉक लेकर किया जाएगा। इसकी वजह से 29 जून से 8 जुलाई तक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

■ खड़गपुर रेल मंडल में 29 जून से 8 जुलाई तक ब्लाक

रेलवे क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्य और सुविधा बढ़ाने के काम पूरे किए जा रहे हैं। इसकी वजह से यात्री ट्रेनें लगातार अपनी आवाजाही में पिछड़ रही हैं। एक बार फिर 29 जून से यात्रियों की समस्या बढ़ने वाली है, क्योंकि बड़ी संख्या में कई शहरों को जोड़ने वाली कई ट्रेनों का संचालन स्थगित करने का फैसला लिया गया है। जानकारी के अनुसार 4 से 6 जुलाई तक एलटीटी से रवाना होने वाली वाली शालीमार एक्सप्रेस और 6 से 8 जुलाई तक शालीमार से संचालित होने वाली एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 4 से 6 जुलाई तक पुणे से हावड़ा जाने और 6 से 8 जुलाई तक हावड़ा से पुणे आने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस का संचालन नहीं होगा। 4 और 6 जुलाई को पोरबंदर से शालीमार के बीच आवाजाही करने वाली ट्रेन के पहिए थमे रहेंगे। उदयपुर से शालीमार के बीच संचालित होने वाली एक्सप्रेस भी 6 और 7 जुलाई को आवाजाही नहीं करेगी। गुजरात को पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली सांतरागाछी, पोरबंदर एक्सप्रेस का संचालन 5 और 7 जुलाई को नहीं होगा। कामाख्या से एलटीटी जाने वाली एक्सप्रेस 6 जुलाई को नहीं चलेगी इसकी वजह से 9 जुलाई को इस ट्रेन की वापसी भी नहीं होगी। 6 और आठ जुलाई को शालीमार से एलटीटी के बीच एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को निराश होना पड़ेगा।



### ये चलेगी देर से

तीस जून को पुणे-हावड़ा आजाद हिंद आधे घंटे और एक जुलाई को हावड़ा-पुणे आजाद हिंद डेढ़ घंटे विलंब से संचालित होगी। 30 जून को ओखा-शालीमार आधा और एक जुलाई को एलटीटी-शालीमार डेढ़ घंटे विलंब से स्टेशन छोड़ेगी। 5 जुलाई को एलटीटी-शालीमार ढाई घंटे और एक जुलाई को हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस एक घंटे विलंब से गंतव्य के लिए रवाना होगी।

### मनमाड़ तक चलेगी शिर्डी एक्सप्रेस

पुणे रेल मंडल के पुनतांबा-कान्हेगांव सेक्शन में नॉन इंटरलोकिंग कार्य की वजह से कल हावड़ा से साईनगर जाने वाली शिर्डी एक्सप्रेस तथा 29 जून को वापस आने वाली एक्सप्रेस मनमाड़ स्टेशन से संचालित होगी। इस ट्रेन के यात्रियों को अपने सफर की शुरुआत मनमाड़ स्टेशन से करना होगा।

# निजात अभियान से अपराध पर लग रहा अंकुश, जिला अस्पताल के स्पर्श क्लीनिक में रोज छह से सात मरीज नशा छुड़ाने पहुंच रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अपराध की जड़ नशा है, राजधानी सहित जिले में गांजा तस्करों के बाद अन्य घातक किस्म के सूखा नशे का कारोबार करने वालों ने अपनी गहरी पैठ जमा ली है। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी संतोष सिंह शहर के साथ जिला को प्रतिबंधित मादक पदार्थ तथा सूखा नशा से मुक्त कराने नशा का कारोबार करने वालों पर अंकुश लगाने निजात अभियान चला रहे हैं। पुलिस अफसर के मुताबिक अभियान के कारण अपराध के ग्राफ में गिरावट दर्ज की गई है। खासकर महिला संबंधित तथा चाकूबाजी की घटना में लगाम लगने का पुलिस अफसर ने दावा किया है।

खास खबर

एसएसपी के मुताबिक मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही लोगों को मादक पदार्थों का अवैध कारोबार रोकने के साथ सेवन करने से बचाने जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के इस अभियान में सभी वर्गों द्वारा समर्थन मिलने का पुलिस अफसर ने दावा किया है। अफसर के मुताबिक मादक पदार्थों की अवैध खरीदी बिक्री पर अंकुश लगाने से महिला संबंधित अपराधों में कमी आई है। इसके साथ ही चाकूबाजी तथा हत्या की कोशिश करने के अपराध घटे हैं।

## पांच महीने में एनडीपीएस, आबकारी के साढ़े तीन हजार से ज्यादा प्रकरण दर्ज






### निजात अभियान निचली बस्तियों में

मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे निजात अभियान की सफलता को देखते हुए पुलिस अफसर के साथ कर्मी उत्साहित हैं। इसके चलते निजात अभियान कालोनी, सार्वजनिक स्थानों के साथ शैक्षणिक संस्थानों साथ अब निचली बस्ती पहुंच गया है। पुलिस अपने अभियान में महिलाओं को भी जोड़ने लगी है। महिलाओं को अपने अभियान में जोड़कर पुलिस उन्हें अपने आसपास के रहवासी जो नशे का आदी हैं, उन्हें नशा छोड़ने प्रेरित करने प्रोत्साहित कर रही है।

### इन गंभीर किस्म के अपराधों पर अंकुश लगने का दावा

पुलिस अफसर के मुताबिक नशे के खिलाफ चलाए जा रहे निजात अभियान के कारण चाकूबाजी की घटना में 32 प्रतिशत तथा हत्या की कोशिश 22 प्रतिशत, महिला संबंधित अपराध 23 प्रतिशत, चोरी तथा मारपीट की घटना में क्रमशः छह-छह प्रतिशत की कमी आई है। साथ ही पुलिस ने जनवरी से मई के बीच साढ़े छह हजार लीटर शराब जब्ती करने के साथ ही 11 सौ किलो गांजा, हेरोइन के साथ 15 हजार नशीला टेबलेट, एमडीएम जब्त किया है।

### नियमित छह से सात मरीज पहुंच रहे

जिला अस्पताल में संचालित स्पर्श क्लीनिक के डॉक्टर अविनाश मिश्रा के मुताबिक नशा छुड़ाने नियमित छह से सात मरीज उपचार कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें से ज्यादातर लोग शराब के आदी हैं। इसके अलावा गोली तथा गांजा का सेवन करने वाले मरीज भी उपचार कराने अस्पताल पहुंच रहे।

# सत्य साईं अस्पताल में निशुल्क इलाज के साथ मुफ्त शिक्षा, सफल नर्सिंग छात्रों को सर्टिफिकेट वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को निशुल्क उपचार की सुविधा देने वाला सत्य साईं संजीवनी हास्पिटल नर्सिंग छात्रों को निशुल्क शिक्षा भी प्रदान करता है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में आयोजित समारोह में नर्सिंग की स्नातकोत्तर कक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किया गया।

नवा रायपुर के श्री सत्य साईं संजीवनी इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड एप्लाइड हेल्थ केयर साइंसेज का संचालन वर्ष 2017 से किया जा रहा है। बुधवार को डॉ. सी. राजेश्वरी सभागार, सौभाग्यम में आयोजित इस समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल और संस्थान के स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान डॉ. रागिनी पांडे ने अस्पताल के 12 साल की यात्रा का अवलोकन प्रस्तुत किया। अध्यक्ष डॉ. श्रीनिवास ने मंत्री को स्मृति चिन्ह एवं अयोध्या से आये विशेष अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। शिक्षण संस्थान की पहली प्राचार्य मनोकामना शैजू को भी सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उन्हें गर्व है कि छत्तीसगढ़ में अस्पताल के रूप में ऐसा मंदिर है।



■ स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल भी शामिल हुए आयोजन में

उन्होंने बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम और एमएससी नर्सिंग में सीटों की संख्या में वृद्धि करने में सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. श्रीनिवास ने दोहराया कि राज्य और देश में कुशल नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी को देखते हुए पूरी तरह से निःशुल्क एमएससी नर्सिंग की पढ़ाई छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए एक वरदान है।

### जीवन प्रमाण-पत्र भी

समारोह में स्वास्थ्य मंत्री ने छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और मध्यप्रदेश से आए मरीजों और उनके अभिभावकों को जीवन प्रमाणपत्र और उपहार प्रदान किए। नौ साल के मरीज डोमेश निषाद ने कहा कि वह डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करेगा। करीब तीन साल के रोनित के पिता ने अपनी पीड़ा बताई और अपने बेटे को बिना किसी खर्च के ठीक करने के लिए आभार जताया।

## खबर संक्षेप



### ई-वे बिल वापस लेने की मांग, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

रायपुर। ई-वे बिल वापस लेने और प्रताड़ना रोकने की मांग को लेकर व्यापारियों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में बुधवार को जीएसटी कमिश्नर रजत बंसल की अनुपस्थिति में सहायक कमिश्नर सुनील चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छोटे-छोटे ट्रांसपोर्टर, मालवाहक वाहन चालकों की परेशानी दूर करने रास्ते में वाहनों की जांच के नाम पर भयभीत किए जाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। इस मौके पर श्री अग्रवाल ने राज्य में ई-वे बिल के प्रावधानों में दी गई छूट को समाप्त किए जाने का कड़ा प्रतिकार करते हुए कहा कि सरकार के इस निर्णय से अफसरशाही बढ़ेगी, व्यापारी परेशान होगा और भ्रष्टाचार का बोलबाला होगा। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों को प्रताड़ित करना तत्काल बंद करे। जीएसटी के नोटिस के माध्यम से जिस तरह से अधिकारी व्यापारियों को धमका रहे हैं उस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए और जिले के अंदर पचास हजार से अधिक के प्रत्येक बिल पर लगने वाले ई वे बिल के कानून को सरकार तत्काल प्रभाव से वापस ले अन्यथा व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में संतोष बाघमार, राजेश केडिया, सुरेश बाफना, नितेश अग्रवाल, शरद गुप्ता, मनोज सोनकर, मनोज पाल, रवि शर्मा, देवेंद्र पवार और राजेश त्रिवेदी शामिल थे।

### मुख्यमंत्री जनदर्शन लगाए जाने का पिछड़ा वर्ग ने किया स्वागत

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रत्येक गुरुवार को जनदर्शन लगाए जाने का छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने स्वागत किया है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर सहित अनेक पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार के इस फैसले से आमजनता का सीधा संवाद मुख्यमंत्री से होगा, निश्चित रूप से सरकार की लोकप्रियता बढ़ेगी और जनता समस्या से मुक्त होंगे। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ठंड के मौसम से पहले जनदर्शन का कार्यक्रम सुबह 10 बजे से हो, ठंड के मौसम आने के बाद भले ही 11 बजे कर दिया जाए। संगठन ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं अन्य मंत्रियों द्वारा जनदर्शन लगाए जाने का स्वागत किया है। स्वागत करने वालों में सोमनाथ साहू, उदय राम निषाद, रमेश देवांगन, सोहन दास मानिकपुरी, रमेश चक्रधारी, सुरेश नेताम, गोपाल वर्मा, विष्णु प्रसाद यादव, रामकुमार वर्मा, गोपाल सारथी, मुन्ना साहू, बैसाखू यादव, नरसिंह विश्वकर्मा, शारदा प्रसाद सोनकर, चंद्र भूषण कुशवाहा, संतराम कन्नौजे, राजेंद्र सिन्हा, भीम सिंहा आदि है।

### राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से लोकतंत्र होगा मज़बूत

रायपुर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि देश को 10 वर्षों बाद विपक्ष का नेता मिला है। एक मजबूत लोकतंत्र के लिए जितना जरूरी सत्ता पक्ष है उतना ही जरूरी विपक्ष भी है, क्योंकि विपक्ष सरकार को आईना दिखाता है। 2024 चुनावों का जनादेश भी मजबूत विपक्ष की महत्ता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार इस कार्यकाल में पहली बार विपक्ष के नेता का सामना करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल को संसदीय राजनीति में 20 वर्षों का अनुभव हो चुका है जिस दौरान वे पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर लोगों की आवाज़ उठाते रहे हैं।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 27 जून 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

# आंखों में आंसू लिए आंखों के तारों का पहला कदम...

## पहली बार स्कूल पहुंचे बच्चे माता-पिता से बिछड़ते ही रोने लगे



ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद अंततः स्कूलों का सन्नाटा टूट ही गया। मासूम बच्चों का बुधवार को स्कूल में पहला कदम रहा। नन्हे जहां पैरेंट्स से बिछड़ते ही रोने लगे तो वहीं बड़े बच्चों में दोस्तों से मिलने को लेकर उत्साह देखने को मिला। छुट्टियों की किस्से-कहानियों का पिटारा भी खुल ही गया। शासकीय विद्यालयों में तिलक और मिठाई संग बच्चों का स्वागत हुआ।



### प्रथम दिवस









**रायपुर।** निजी स्कूलों ने भी अपने कैंपस को सजाया। प्रथम दिवस होने के कारण पढ़ाई नहीं हुई। अधिकतर समय छात्रों के परिचय में ही बीता। छोटे बच्चे पूरे वक्त रोते ही रहे। उन्हें कुछ घंटे कैंपस में रखने के बाद छुट्टी दे दी गई।

### बैलून से सजा परिसर

होलीहाट्र्स स्कूल के संचालक आशुतोष सिंह ने बताया, निजी स्कूलों ने अपने कैंपस को गुब्बारों से सजाया। बच्चे ना रोएं, इसलिए उनके लिए खिलौनों की भी व्यवस्था की गई। इसके बाद भी उनका रोना नहीं रुका। शिक्षक और पालक उन्हें चुप कराते नजर आए। कुछ स्कूलों ने पालकों को पहले दिन बच्चों के साथ ही बैठने की अनुमति दी थी। यूनिफॉर्म से लेकर अपनी चीजें संभालते हुए बच्चे नजर आए।

### कुछ स्कूलों में आज से शुरुआत

*डागा स्कूल के मनीष डागा ने बताया, पहली बार विद्यालय आने वाले छात्रों को विशेष देखरेख की जरुरत होती है। ऐसे में उनकी कक्षाएं गुरुवार से प्रारंभ करेंगे, ताकि उन्हें अतिरिक्त समय दे सकें। बुधवार को बड़े बच्चों की कक्षाएं संचालित कर उनका अध्यापन प्रारंभ किया गया।*



### पाठ्य सामग्री का वितरण

पहला दिन होने के कारण अधिकतर बच्चों के माता-पिता संग ही पहुंचे रहे। शासकीय विद्यालयों में भी पालक बच्चों के साथ पहुंचे। कई बच्चे पालक की गोद से उतरने को ही तैयार नहीं दिखे। आरडी तिवारी, मायाराम सुरजन सहित स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में बच्चों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। होलीहाट्र्स, स्कॉलर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में भी उत्सव का माहौल रहा। जेआर दानी गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य हितेश दीवान ने बताया, तय वक्त से पहले पहुंचकर शिक्षकों ने बच्चों के स्वागत की तैयारी की। प्रथम दिवस बच्चों संग शिक्षकों की भी कक्षाएं लगाकर उन्हें नए सत्र के विषय में जानकारी दी गई। छात्राओं को चॉकलेट बांटे गए। शासकीय विद्यालयों में बच्चों को निशुल्क किताबों का वितरण किया गया।





**शाला प्रवेशोत्सव**

## जागरुकता रैली के बाद न्यौता भोज संग स्वागत



**रायपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला लभांडी में सत्र 2024-25 के लिए शाला प्रवेश उत्सव पूरे हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। शाला प्रवेशोत्सव के पूर्व स्कूल में नए बच्चों के प्रवेश के लिए छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। 'मम्मी-पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल जाकर नाम लिखाओ' नारों के साथ पूरे ग्राम में भ्रमण करते हुए नए बच्चों को स्कूल प्रवेश करने के लिए आव्हान किया गया। अतिथियों द्वारा बच्चों एवं शिक्षकों को नए सत्र में स्कूल प्रवेश के लिए बधाई एवं शुभकामना संदेश प्रेषित किए गए तथा बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात बच्चों को गणवेश एवं पुस्तक वितरण कर न्यौता भोज कराया गया। न्यौता भोज का आयोजन शाला प्रबंधन स्थिति की उपाध्यक्ष अग्नेश तेमुल्कर एवं सदस्य रविशंकर आदिल द्वारा कराया गया।

## बच्चों का तिलक लगाकर स्नेहिल स्वागत, टीचर्स ने खिलाई मिठाई

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव जोशीले अंदाज में किया गया। शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए प्रथम दिन शिक्षिकाओं ने बच्चों का तिलक लगाकर, फूलों की वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया।



ग्रीष्मकालीन छुट्टी के बाद स्कूल लौटे बच्चे काफी खुश थे। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया, शाला प्रवेशोत्सव को लेकर बच्चों के साथ शिक्षकों में भी उत्साह रहा। बच्चों को स्कूल के माहौल में ढालने के लिए पहले दिन ही उनसे छोटी- छोटी रोचक एक्टिविटी कराई गई। नर्सरी में पहुंचे बच्चों का आज स्कूल में पहला दिन था। अचानक अंजान लोगों और बच्चों के बीच अपने आपको अकेला पाकर कुछ बच्चे थोड़ा रोए, फिर अन्य बच्चों और शिक्षिकाओं के साथ घुल-मिल गए।

## सेल्फी पॉइंट के माध्यम से सहेजी पहले दिन की यादें



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शहीद स्मारक स्कूल में नए छात्रों के स्वागत में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। सबसे पहले बच्चों को विद्यालय द्वार पर शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा तिलक-आरती कर स्वागत किया गया। शिक्षिकाओं ने शाला के पहले दिन की यादें संजोने के उद्देश्य से उनकी सेल्फी पॉइंट पर फोटो ली। कलेक्टर डॉ.गौरव सिंह ने जिले के सभी स्कूली बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की। जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल ने बच्चों के अभिभावकों से कक्षा के नियम व अनुशासन साझा किए। शाला प्रवेशोत्सव में जिला समन्वयक केएस पटले सहित स्कूल प्रशासन एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

## वैदिक मंत्रोच्चार संग सरस्वती पूजन



**रायपुर।** श्री बालाजी विद्या मंदिर में माता सरस्वती का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन हुआ। संस्था अध्यक्ष जी.स्वामी ने कहा, शिक्षा का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। इसके द्वारा ही हमें अच्छे संस्कार और गुण सीखने को मिलते हैं। अच्छे गुणों का जीवन में अवश्य पालन करना चाहिए। शाला की प्राचार्या डॉ. फ्रेनी जय प्रकाश ने नए सत्र की शुरुआत होने पर सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। संस्था सचिव केएस आचार्युलु, कार्यकारिणी सदस्य डी.अनंत, टी.सुरेश, उपप्राचार्य मौसमी भट्टाचार्या एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## शांतिपाठ संग समापन



**रायपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेल्फी जोन बनाया गया है। सर्वप्रथम विद्यालय के छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पूर्व अभिभावकों ने विद्यालय की गतिविधियों के बारे में बताया। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव बताए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य डॉ.ईरावत भूषण परगनिहा ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन कर शांति पाठ के साथ समापन किया गया। विद्यालय के व्यवस्थापक प्रकाश सिंह ठाकुर, अश्वनी बानी, शरद राठौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सिंधी समाज ने बनाई अपनी मैट्रिमोनियल साइट, अब इसके जरिए तय होंगे रिश्ते

*शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर ने किया साइट का शुभारंभ*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा मैट्रिमोनियल साइट प्रारंभ की गई है। बुधवार को संत युधिष्ठिर लाल ने इसका शुभारंभ किया। सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी व प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया, समाज के युवक-युवतियों का रिश्ता तय करने में उनके माता-पिता को आसानी हो तथा छत्तीसगढ़ ही नहीं देश-विदेश में रहने वाले समाज के लोग बेटे-बेटियों के लिए योग्य वर-वधू आसानी से खोज सकें, इसलिए यह शुरुआत की गई है। संत युधिष्ठिर लाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। वर्तमान समय में न सिर्फ प्रदेश बल्कि देश- विदेश में रहने वाले सिंधी समाज के लोगों को इस नई पहल का बेहतर फायदा मिलेगा। इससे आने वाले समय में समाज को रिश्ता खोजने में आसानी होगी।



### लोगों को होती थी परेशानी

संचालन करते हुए बलराम आहूजा व तनेश आहूजा ने बताया कि युवक-युवती के लिए रिश्तों की तलाश अब समाज के लिए बहुत ही आसान होगी। इससे पहले समाज के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। मैट्रिमोनियल साइट के माध्यम से वे वर - वधू का रिश्ता कर सकेंगे। इसके लिए छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की नई व ऊर्जावान टीम भी बधाई का पात्र है। संरक्षक अमर पारवानी ने कहा कि इस तरह के प्रयोग से समाज को नई पहचान मिल रही है।

### हर वर्ग की बेहतरी

शुभारंभ भगवान झूलेलाल की मूर्ति के समक्ष मालार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके बाद समाज के कलाकार धीरज कटारिया व उनके ग्रुप द्वारा लोक गीत व नृत्य प्रस्तुति दी गई। इसके बाद मैट्रोमोनियल.कॉम का शुभारंभ किया गया। इसमें मुरलीधर उदासी, सतीश थोरानी, महेश रोहरा, भरत बजाज ने कुछ साल पहले तक समाज के लोगों को शादी के लिए वर-वधू की तलाश में होने वाली परेशानी को याद करते हुए समाज के इस बेहतर प्रयोग को हर वर्ग के लिए बेहतर सुविधा मिलने की बात कही।

## खुद को कूल साबित करने नशा करने लगे हैं स्टूडेंट्स




**रायपुर।** एनआईटी रायपुर में "नशा विरोधी रैली" और "ड्रग फ्री इंडिया" पर सेमिनार के जरिए लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। यहां बुधवार को "नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस" मनाया गया। संस्थान के एनसीसी क्लब के तत्वाधान में नशा विरोधी रैली निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही संस्थान की डिस्पेंसरी द्वारा "ड्रग फ्री इंडिया" पर आधारित एक सेमिनार का आयोजन भी किया गया। इस रैली में नशे के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने वाले नारे "हम सबका एक ही नारा, नशा मुक्त हो देश हमारा" एवं "नशे की लत है ऐसी जो करदे जिंदगी नरक जैसी" जैसे नारे जोर-शोर से लगाए गए। इस कार्यक्रम के बाद ड्रग फ्री इंडिया पर एक सेमिनार का भी आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता मनोवैज्ञानिक डॉ.निशांत साहू रहे।उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा, ड्रग फ्री इंडिया अमूल्य पहल है। उन्होंने नशे के लिए प्रयोग में ली जाने वाली चीजों की जानकारी और उसके नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**यादें शेष : नहीं रहे राज्य अलंकरण से सम्मानित जलील रिजवी**

## अमरीश पुरी व अमोल पालेकर संग मिलकर किया नाट्य मंचन किशोरों को रंगमंच से जोड़ने स्कूलों में रिहर्सल के लिए रहते थे तत्पर

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** किशोरों और युवाओं को रंगमंच से जोड़ने के लिए स्कूलों में रिहर्सल कराने के लिए हमेशा उत्साही व समर्पित रहने वाले जलील रिजवी को कोई नहीं भूल सकता है। 60 दशक तक रंगमंच के जरिए छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति को देश-दुनिया में पहचान दिलाने वाले वे संजीदा रंगकर्मी के रूप में लोगों के दिलों में हमेशा बसेंगे। आर्थिक तंगी के बावजूद वे उभरते रंग कर्मियों को शिमला, कोलकाता ही नहीं देहरादून, दिल्ली सहित कई राष्ट्रीय मंचों पर नाट्य मंचन के लिए लेकर जाते थे। वहां उन्होंने छत्तीसगढ़ी युवाओं की कला को साबित किया। कुछ इसी तरह की यादें रंगकर्मियों ने साझा करते हुए कहा कि उन्होंने ही पहली छत्तीसगढ़ी वीडियो फिल्म जय मां बम्लेश्वरी और बंशी बनाई।



### 'आषाढ़ का एक दिन' चर्चित नाटक

कत्थक नृत्यांगना एवं रंगकर्मी अनुराधा दुबे बताती हैं कि जब मैं दानी स्कूल में पढ़ती थी, उन दिनों उनकी पत्नी नूतन रिजवी हमें संस्कृत पढ़ाती थीं। सर हमेशा ऐसे विद्यार्थी तराशते थे, जिनमें लोगों की नकल करने की आदत होती थी। उनके मार्गदर्शन में तिल का ताड़, एक और द्रोणाचार्य के साथ ही कोमल गांधार जैसे नाट्य श्रृंखलाओं का मंचन किया। इनमें वे खुद भी किरदार निभाते थे। उनकी चर्चित नाट्य श्रृंखला में सखाराम बाइडर, आषाढ़ का एक दिन जैसे कई नाटक चर्चित रहे हैं।

### फिल्मी हस्तियों के साथ दी प्रस्तुति

भारतीय सांस्कृति निधि के चेयरमैन अरविंद मिश्रा बताते हैं कि श्री रिजवी में रंगमंच को लेकर गजब का जुनून था। वे ऐसे रंगकर्मी के रूप में लोगों के दिलों में बसे रहेंगे, जिनको कलाकारों को तराशा। रंग मंदिर में वर्षों पहले अमरीश पुरी व अमोल पालेकर जैसी फिल्मी हस्तियों के साथ मिलकर अंधा नाट्य मंचन किया था। हिन्दी, छत्तीसगढ़ी ही नहीं अंग्रेजी में भी उनकी अच्छी पकड़ रही। वे स्कूली विद्यार्थियों को रंगकर्म से जोड़ने के लिए रिहर्सल कराने उत्साही रहते थे। युवा रंगमंच से जुड़े इसलिए शिमला, देहरादून में होने वाले राष्ट्रीय आयोजनों के लिए तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे।

### उनका मानना था, विद्यार्थी ही बढ़ाएंगे इस कला को



रंगमंच के जरिए साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए जलील रिजवी को हमेशा याद किया जाएगा। फिल्म एवं विजुअल आर्ट सोसायटी के अध्यक्ष सुभाष मिश्रा ने यादें साझा करते हुए कहा कि शौक को जिंदा रखने में उन्हें पत्नी का हमेशा सहयोग मिला। वे कल्याण सेन, मिर्जा मसूद, हबीब तनवीर जैसे मजे हुए कलाकारों की संगत में हमेशा बेहतर करने के लिए उभरते रंगकर्मियों को भी प्रेरित करते थे। वे विद्यार्थी वर्ग को रंगमंच से जोड़ने के लिए प्रयास करते थे। उनका मानना था, विद्यार्थी जीवन से उन्हें रंगकर्मी के रूप में तैयार करने से वे इस विधा को और आगे बढ़ाएंगे, इससे उनकी कला निखरेगी।

**सिटी इवेंट**

## दवा विक्रेताओं ने लगाया शिविर डॉक्टर्स ने दिए हेल्थ टिप्स



**रायपुर।** जिला दवा विक्रेता संघ, सिटी आई केयर हॉस्पिटल एवं सीजी हॉस्पिटल द्वारा विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका हजारों लोगों ने लाभ लिया। विशाल स्वास्थ्य शिविर में कई चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं और हजारों लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। मेडिकल परिसर स्थित सभागृह पूरी तरह भरा रहा। आम जनों एवं केमिस्ट सदस्यों ने उपस्थित चिकित्सकों के समक्ष अपनी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां रखी। रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने कहा, भागदौड़ की जिंदगी ने लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह कर दिया है। ऐसे में हम सब ने निर्णय लिया कि एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाए, जिसमें रायपुर के लोकप्रिय चिकित्सकों की सेवाएं ली जाए। अनेक आमजन डॉक्टरों की महंगी फीस के कारण अपना उपचार चिकित्सक से नहीं कर पाते हैं।

### दवा विक्रेताओं को भी दृष्टि दोष

छत्तीसगढ़ हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञ डॉ.मनीष श्रीवास्तव ने कहा, आमजन एवं केमिस्ट समुदाय ज्यादातर दवा के लेवल में छपी जानकारी बहुत ही छोटे अक्षरों में अंकित होने के कारण आंखों की समस्या से ग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे में केमिस्ट समुदाय द्वारा आंखों की जांच बहुत ही आवश्यक हो जाती है। अनेक केमिस्ट ने संयम के साथ शिविर में अपनी आंखों की जांच करवाई और उन्हें जो भी समस्याएं हैं, उनके निराकरण का प्रयास किया गया। अश्विनी विग, संजय रावत, वासुदेव जोतवानी, जितेंद्र सोनी, वरुण चिमनी, विजय भोजवानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

**इवेंट लाइव**

## विकसित करें स्वच्छता प्रणाली अच्छी तकनीक को दें प्रोत्साहन



**रायपुर।** राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत 16 से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में तेलीबांधा तालाब में उप महानिदेशक अलताफ हुसैन हाजी के मार्गदर्शन में कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत मरीन ड्राइव के चारों तरफ सफाई कार्य किया गया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने व्यक्तिगत जीवन एवं व्यावसायिक जीवन के अतिरिक्त समाज में रहने के कारण हर व्यक्ति की कुछ सामाजिक जिम्मेदारियां होती हैं, जिनमें से एक जिम्मेदारी यह भी है कि हम अपने आसपास के वातावरण में स्वच्छता बनाए रखें और पर्यावरण संरक्षण के लिए हमसे जो भी संभव हो उसे यथाशक्ति समाज को अर्पित करें।

### दैनिक जीवन में उठाएं छोटे कदम

संस्था सदस्यों ने कहा, हमारे चारों ओर विभिन्न प्रकार के प्रदूषण से पृथ्वी का पारिस्थितिकी तंत्र अव्यवस्थित होता जा रहा है। अतः ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए समग्र स्वच्छता के लिए स्वच्छता प्रणालियों का विकास किया जाना चाहिए । पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित और स्थायी स्वच्छता के लिए प्रभावी और उपयुक्त तकनीकों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसके लिए सदस्यों ने दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, वृक्षारोपण करने, वायु को स्वच्छ रखने और विभिन्न प्रकार के प्रदूषकों को नियंत्रित करने का आह्वान किया।

**समाज इवेंट**

## पुरखों की याद में आमजन लगा रहे फल व छायादार पौधे



**रायपुर।** लोग पर्यावरण संरक्षण के लिए सरजू बांधा श्मशान घाट परिसर को ऑक्सीजोन की तरह संवारने का प्रयास कर रहे हैं। सरजू बांधा श्मशान घाट विकास समिति के आह्वान पर लोगों ने इस बार भी वृक्षारोपण के लिए अभियान शुरू किया है। इसके तहत पुरखों परिजनों की याद में पौधा रोपण करने के लिए लोग आगे आ रहे हैं। इस कड़ी में बुधवार को रुद्राक्ष व सफेद चंदन सहित 12 पौधे खुद खरीदकर लोगों ने रोपे हैं। इनमें सफेद चंदन ,चीकू , नीम, समी, बादाम, कटहल का पौधा खास है।

### खास मौके का चुनाव

समिति के पदाधिकारी माधव लाल यादव, गोवर्धन झंवर, रतन बैद, संजय चंद्राकर, गणेश सिंह, योगेश चौहान व दीप ढीमर ने बताया कि पुरखा गार्डन में अपनों की याद में हर वर्ग के लोग किसी खास मौके पर फल व छायादार पौधे रोपने लगे हैं। यही वजह है कि 1986 में रोपे गए पौधों में से 100 से ज्यादा ने वृक्ष का स्वरुप ले लिया है। वहीं 2018 से अभी तक में करीब 130 से ज्यादा पौधे आस-पास के लोगों ने पुरखों की याद में रोपे हैं। प्रकृति प्रेमी ही नहीं मुक्तिधाम संरक्षण से जुड़े लोग भी इस अभियान से लोगों को जोड़ रहे हैं। अपने माता-पिता व धर्मपत्नी की याद में ऋषि यादव और वीणा यादव ने सरजू बांधा श्मशान घाट के पुरखा उद्यान को हरा-भरा करने मुहिम शुरू की है।

● साइंस कॉलेज, दुर्गा कॉलेज, छग महाविद्यालय, राधाबाई व डागा सहित देवेंद्र नगर कन्या महाविद्यालय ने जारी की प्रथम सूची

# साइंस कॉलेज : दशक बाद मैथ्स ग्रुप का कटऑफ 90 % से नीचे

# छग कॉलेज : आर्ट्स में सीट से 5 गुना व बीकॉम में 10 गुना अर्जी

पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में बुधवार को मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई। इसके पूर्व महंत कॉलेज और डिग्री गर्ल्स कॉलेज द्वारा मंगलवार को ही स्क्रूटनी पूर्ण कर छात्रों की चयन सूची जारी कर दी गई थी। जिन कॉलेजों द्वारा मंगलवार को स्क्रूटनी नहीं की जा सकी, उन्होंने बुधवार को यह प्रक्रिया पूर्ण की। सबसे हैरान करने वाले कटऑफ साइंस कॉलेज के रहे।

**रायपुर।** यहां लगभग एक दशक बाद ऐसा हुआ है, जब मैथ्स ग्रुप का कटऑफ 90 प्रतिशत से नीचे गया है, केवल बायो ग्रुप के कुछ विषयों में ही कटऑफ 90 फीसदी के लगभग रहा है। महाविद्यालय के प्राध्यापक और शिक्षाविद भी इसे लेकर हैरान नजर आए। साइंस कॉलेज के अलावा छत्तीसगढ़ कॉलेज, दुर्गा कॉलेज, राधाबाई कन्या महाविद्यालय, देवेंद्र नगर कन्या महाविद्यालय तथा डागा गर्ल्स कॉलेज द्वारा भी कटऑफ जारी कर दिए गए हैं। छात्रों की दिलचस्पी कला और वाणिज्य संकाय में लौटी है। इस बार बीएससी के साथ बीकॉम और बीए के कटऑफ भी 80 प्रतिशत तक गए हैं। जिन छात्रों के नाम बुधवार को सूची में आए हैं, उन्हें 8 जुलाई तक संबंधित महाविद्यालयों में प्रवेश लेना होगा।

बीते सत्रों में 80 फीसदी पर भी मुश्किल से मिलते रहे हैं साइंस कॉलेज में दाखिले



### दुर्गा कॉलेज : बीकॉम के लिए 1448 व बीए के लिए 900 आवेदन

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.प्रोतिभा मुखर्जी ने बताया, यहां बीए की 500 सीटों के लिए 900, बीकॉम की 800 सीटों के लिए 1448, बीसीए की 60 सीटों के लिए 143, बीबीए की 60 सीटों के लिए 112 तथा पीजीडीसीए की 60 सीटों के लिए 129 आवेदन मिले हैं। यहां बीकॉम का कटऑफ 63 प्रतिशत, बीए का 50 प्रतिशत, बीसीए का 61.2 प्रतिशत, बीबीए का 64 प्रतिशत और पीजीडीसीए का कटऑफ 58 प्रतिशत रहा है।

### छत्तीसगढ़ कॉलेज : सर्वाधिक क्रेज यहां ही

प्राचार्य डॉ.अमिताभ मुखर्जी ने बताया, छग कॉलेज में कला संकाय की 355 सीटों के लिए 1568, बीकॉम की 265 सीटों के लिए 2018, बीएससी मैथ्स की 153 सीटों के लिए 536, बीएससी कंप्यूटर साइंस की 40 सीटों के लिए 565, बीएससी बायो की 265 सीटों के लिए 2122 आवेदन मिले हैं। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर छात्रों में सबसे ज्यादा क्रेज छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के लिए ही दिख रहा है।

### डागा गर्ल्स और देवेंद्र नगर कन्या महाविद्यालय : यहां प्रवेश अपेक्षाकृत आसान

डागा गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता घई के मुताबिक, यहां प्रथम मेरिट लिस्ट में कटऑफ प्रथम श्रेणी में ही रहे हैं, लेकिन दूसरी मेरिट लिस्ट में द्वितीय श्रेणी प्राप्त छात्राओं को भी दाखिले मिल जाएंगे। देवेंद्र नगर कन्या महाविद्यालय की प्रवेश निदेशिका डॉ.सुषमा तिवारी ने बताया कि यूजी के साथ पीजी के भी दाखिले प्रारंभ हो गए हैं। एमए समाजशास्त्र में कटऑफ 84 प्रतिशत, एमए हिंदी में कटऑफ 82 प्रतिशत, एमए इकोनॉमिक्स में कटऑफ 64 प्रतिशत तथा एमकॉम में कटऑफ 80 प्रतिशत के लगभग रहे हैं।

### शीर्ष महाविद्यालयों का ही दबदबा

छात्रों ने इस बार भी प्राइवेट की जगह सरकारी कॉलेजों को ही प्राथमिकता दी है। साइंस कॉलेज, दुर्गा कॉलेज और छत्तीसगढ़ कॉलेज जिले के उन शीर्ष महाविद्यालयों में शामिल रहे हैं, जहां सीट से दो से तीन गुना तक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनके अतिरिक्त डिग्री गर्ल्स कॉलेज और महंत कॉलेज में भी सीट से अधिक आवेदन मिले हैं। आवेदन संख्या को देखते हुए कॉलेज प्रथम चरण में 50 फीसदी तक सीटें भरने का अनुमान लगा रहे हैं। इसके उलट प्राइवेट महाविद्यालयों में छात्र अधिक दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। यहां द्वितीय श्रेणी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी शुरुआती चरणों में सीटें मिल जाएंगी।



### ऐसे रहे शीर्ष कॉलेजों के कटऑफ (आंकड़े सामान्य वर्ग के हैं)

**साइंस कॉलेज : मैथ्स ग्रुप**

- पीसीएम - 83.2%
- पीएमसीएस-89.4%
- पीएमआईटी-88.2%
- पीएमजी-86.4%
- पीएमडी-88.2%

**साइंस कॉलेज : बायो ग्रुप**

- सीबीजेड-84.2%
- सीबीजी-74.6%
- सीजेडजी-83%
- सीबीडी-78.4%
- सीजेडडी-85.4%
- सीबीबीटी-90.4%
- सीजेडबीटी-91%
- सीबीबीसी-90%
- सीजेडबीसी-93.2%
- सीबीएमबी-89.8%

*यहां पी-फिजिक्स, सी-कैमेस्ट्री, एम-मैथ्स, बी-बायोलॉजी, जेड-जूलॉजी, जी-जियोलॉजी, डी-डिफेंस, बीटी-बायोटेक्नोलॉजी, बीसी-बायोसाइंस, एमबी-माइक्रोबायोलॉजी और आईटी का अर्थ इंफर्मेशन टेक्नोलॉजी से है।*

**छत्तीसगढ़ महाविद्यालय**

- बीए-82%

बीएससी कंप्यूटर साइंस-85%

- बीएससी-80%
- बीकॉम-80%

राधाबाई कन्या महाविद्यालय

- बीए- 69%
- बीकॉम-89%
- बीएससी-83%

देवेंद्र नगर कन्या महाविद्यालय

- बीए- 69%
- बीकॉम-66%
- बीएससी-75%

फोकटपारा स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर में उमड़ी भीड़

# अंबूवाची योग पूजा के साथ बग्घी पर कन्याओं की निकली पालकी यात्रा

**रायपुर।** असम में स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर की तर्ज पर फोकटपारा स्थित मंदिर में भी हर साल की तरह इस वर्ष पांच दिवसीय आयोजन किया गया। बुधवार की शाम को माता की पालकी यात्रा निकाली गई। इसमें फूलों से सजी बग्घी में कन्या विराजमान होकर निकली। अंबूवाची योग पूजा की कड़ी में अंतिम दिन मंदिर के पुजारी पंडित हिरेन्द्र विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में माता के भक्तों और उनके परिवार के लोगों ने अनुष्ठान में भाग लिया। वहीं शाम को धूमधाम से पालकी यात्रा निकाली गई। इसमें घोड़े और बैंडबाजे आकर्षण का केंद्र रहे। पूजा में सहयोगी रहे यशवंत साहू ने बताया कि इसमें हजारों की तादाद में लोगों ने हवन-पूजन में भाग लिया।







### इन मार्गों से होकर निकले लोग

पालकी यात्रा में शामिल होने के लिए आस-पास के लोग शाम 4 बजे से ही मंदिर परिसर में एकत्र होने लगे थे। करीब 5.30 बजे मां के जयघोष से पालकी यात्रा शुरू हुई। जो फोकटपारा, देवेन्द्र नगर, शास्त्री नगर स्थित लाल चौक से होते हुए वापस मंदिर परिसर में समाप्त हुई। पालकी के वापस आने के बाद लोगों ने पूजा-आरती में भाग लिया। इसके बाद भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की तादाद में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और पांच दिवसीय पूजा का समापन किया गया।



## मानव श्रृंखला के जरिए 'नशा निषेध' का संदेश

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर संभागायुक्त संजय अलंग ने शासकीय विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, एनजीओ सहित शहरवासियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विशाल मानव श्रृंखला निर्मित कर नशे के विरूद्ध सभी ने संदेश दिया। साथ ही हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की प्रो. हिना इलियास ने 'भारतीय न्याय संहिता-2023' के मूल तत्वों से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद सहित सभी विभागों के प्रमुख सम्मिलित रहे। शहर के सबसे ऊंचे बहुमंजिला कलेक्टोरेट पार्किंग परिसर में संभागायुक्त ने अपने उद्बोधन में समाज व परिवार को बेहतर दिशा देने हर नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी व आम नागरिकों ने मिलकर विशाल मानव श्रृंखला बनाकर नशे के विरूद्ध हर गतिविधि में अपनी सहभागिता का संदेश दिया।

**राजधानी में जिनवाणी की शुरुआत**

कार्नर न्यूज

# पैसों के लिए आज व्यक्ति परिवार छोड़ दुनिया के किसी भी कोने जाने को तैयार, सोशल स्टेट्स को मेंटेन करने धर्म-कर्म

**रायपुर।** राजधानी की पावन धरा पर जिनवाणी की वर्षा शुरू हो चुकी है। इसी क्रम में बुधवार को सुबह 7 बजे शंकर नगर के संदीप भवन में दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनिजी का आगमन हुआ और 8.45 बजे प्रवचन हुआ। उन्होंने कहा कि सुख कहां है? सुख की तलाश में आज व्यक्ति कहां से कहां नहीं पहुंच रहा है। आज व्यक्ति धन कमाने के चक्कर में दुनिया के किसी भी कोने में जाने को तैयार है। उसे नहीं पता होता कि वहां कैसा माहोल होगा, कैसा वातावरण उनको मिलेगा, आसपास के लोग कैसे होंगे, फिर भी वह पैसों की चाह में पूरे परिवार को छोड़कर चला जाता है, केवल सुख की तलाश में। वह इस बात से अंजान होता है कि जिस धन में वह सुख ढूंढ रहा है, वह उसे वहां कभी नहीं मिलने वाला। यह वास्तविकता है।



### आने वाली पीढ़ी पर थोप रहे अपनी सोच

आज हम अपनी सोच से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। हमने आज भी नौकरी वाली सोच को अपना रखा है और उसे आने वाली पीढ़ी पर थोपते भी जा रहे हैं। बच्चों से हम कहते हैं कि अच्छे से पढ़ाई करो नहीं तो नौकरी नहीं मिलेगी। अपनी सोच को नौकरी वाली बना रखा है। कभी मालिक बनने का सोचा नहीं। शादी भी करनी है तो नौकरी वाले लड़के से। नौकरी से आप क्या-क्या कर लोगे? आपके नौकरी की कौन खाएगा और कौन भोगेगा, यह पता नहीं होता फिर भी आप दिन-रात मजदूरी कर रहे हो। आपको हमेशा खुश रहना है और मजे से काम करना है, क्योंकि आगे क्या होगा किसी को नहीं पता।

### उपवास भी करते हैं समय देखकर

*आज व्यक्ति धर्म तो करता है पर वह दिखावे का धर्म होता है। सोशल स्टेट्स को मेंटेन करने के लिए वह धर्म कर रहा है ताकि समाज की उसकी छवि बनी रहे। समाज में उसकी इज्जत बनी रहे और सभी काम आसानी से हो जाए। आज आज वह धर्म के साथ सामाजिक होता जा रहा है। यह सत्य है। धर्म में भी बहुत सी खानापूर्ति हो रही है। उपवास भी आज समय देखकर किया जाता है। समय देखकर भोजन त्यागा जाता है और समय के साथ पारणा की जाती है। जबकि धर्म में समय नहीं देखा जाता, अगर 10 घंटे की जगह 12 घंटे का उपवास कर लिया तो क्या हो जाएगा। यह 12 घंटे भी हमें यह देखकर नहीं करना है कि हम आज 2 घंटे एक्ट्रा उपवास कर रहे है। बस बिना समय देखे हमें धर्म करना है।*

## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर जिला वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप होगी 29 से




**रायपुर।** रायपुर जिला भारोत्तोलन संघ द्वारा ग्रीष्मकालीन वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर का समापन एवं रायपुर जिला वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप-2024 यूथ (बालक/बालिका) जूनियर, सीनियर (महिला/पुरुष) वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 29 जून एवं 30 जून 2024 को खारून रेल विहार,दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भवन, रेलवे इंस्टीट्यूट कॉलोनी, फाफाडीह, रायपुर छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी माह में होने वाले छत्तीसगढ़ स्टेट वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप हेतु रायपुर जिला टीम के लिए किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में नए वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु अंडर-12 एवं अंडर-14 आयु वर्ग की भी प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पूर्व में भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ द्वारा प्राप्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा एवं नए खिलाड़ियों को भाग लेने हेतु अपना जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ-साथ छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु खिलाड़ियों से 50 का प्रवेश शुल्क लिया जाएगा तथा प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को रायपुर जिला संघ द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा तथा भोजन की व्यवस्था भी जिला संघ द्वारा की जाएगी।

### एल.आई.सी. की मंडल स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में हर्षवर्धन विजेता




**रायपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल की मंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 24 जून को सप्रे शाला बैडमिंटन हाल, रायपुर में किया गया। उक्त प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में सी.ए.बी. रायपुर के एस. हर्षवर्धन शर्मा विजेता बने एवं महिला वर्ग में मंडल कार्यालय रायपुर की कविता दीक्षित प्रथम स्थान पर रही।प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर सेलेक्शन समिति के चेयरमेन प्रबंधक (डी.टी.सी.) के.के. मूर्ति, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन महासचिव सुरेंद्र शर्मा, प्रथम श्रेणी अधिकारी एसोसिएसन अध्यक्ष धनंजय पाण्डे उपस्थित थे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक रायपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनुराग दीक्षित थे। पुरुष वर्ग के फायनल में सी.ए.बी. रायपुर के एस.हर्षवर्धन शर्मा मंडल कार्यालय रायपुर के आलोक धुरिया को 2-0 से हराकर विजेता बने। प्रतियोगिता में द्वितीय आलोक धुरिया (मंडल कार्यालय रायपुर) और महिला वर्गः प्रथम-कविता दीक्षित (मंडल कार्यालय रायपुर) रहे। पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर चयनित खिलाड़ी एवं मध्य क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिये सीधी पात्रता प्राप्त खिलाड़ी महिला वर्ग में शौर्या यदु (शाखा कार्यालय रायपुर-3) का चयन 30 से 31 जुलाई 2024 तक रायपुर में आयोजित होने वाली ₹मध्य क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता₹ के लिए किया गया है। जिसमे सम्पूर्ण मध्य क्षेत्र (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के 08 मंडल कार्यालय के पुरुष एवं महिला विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। मध्य क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाड़ी भारतीय जीवन बीमा निगम की अखिल भारतीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगें। इस अवसर पर चयन समिति के सदस्य अनुरोध शर्मा, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के पूर्व सदस्य शिशिर गुप्ता, सहायक अम्पायर प्रखर दीक्षित, करण सोनकर, अगेश्वर साहू, ललित वर्मा एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीडा एवं मनोरंजन समिति रायपुर के सह सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

### बास्केटबॉल लीग में एंजेल्स विजेता



**रायपुर।** बास्केटबॉल संघ द्वारा बास्केटबॉल लीग प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 24 जून तक गांधी स्टेडियम सरगुजा में स्थित ग्राउंड पर किया गया था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप महापौर अजय तिर्की थे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में बालिका वर्ग अंडर-14 में प्रथम रियल एंजेल्स, द्वितीय राइजिंग एंजेल्स, तृतीय शाइनिंग एंजेल्स, अंडर - 17 में प्रथम ग्रीन फाइटर्स, द्वितीय सरगुजा रॉयल्स, तृतीय सरगुजा ब्लू फाइटर्स. बालक वर्ग अंडर-14 प्रथम सरगुजा स्टार्स ,द्वितीय सरगुजा डेविलस ,तृतीय सरगुजा हूपर्स, बालक अंडर-17 प्रथम अर्जुना स्टार्स ,द्वितीय सरगुजा शूटर्स, तृतीय सरगुजा रॉयल्स की टीम रही। निर्णायक मंडल में रजत सिंह, कृष्ण कुमार ताम्रकार,प्रियंका पैंकरा, प्रिया जयसवाल, खुशबू गुप्ता, प्रज्ञा मिश्रा, रागिनी,साक्षी, सुलेखा, रिमझिम, विक्की, अभिषेक आदि शामिल हैं।

## जीवनशैली का हिस्सा बन चुके स्मार्ट फोन हमारी सेहत के लिए चुनौती

# स्मार्ट फोन जैसे गैजेट में बैक्टीरिया आपके पेट में फैल सकती है ये बीमारी

मोबाइल फोन, टैबलेट, कंम्प्यूटर, ईयरफोन और स्मार्ट वॉच जैसे गैजेट हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। रोजमर्रा के कामों को निपटाने के लिए न सिर्फ ये जरूरी हैं, बल्कि हमारे स्टाइल का हिस्सा भी बन गए हैं। मोबाइल फोन को हम हर जगह साथ रखते हैं, फिर चाहे वो खाने की टेबल हो या बिस्तर। कई लोग तो बाथरूम में भी फोन और टैबलेट साथ लेकर जाते हैं।

इन गैजेट्स पर कई ऐसे बैक्टीरिया पाए गए हैं, जो बीमारी का कारण बनते हैं। फोन के मैकेनिज्म के कारण हमेशा हीट निकलती रहती है, इसलिए यह गैजेट बैक्टीरिया की पसंदीदा जगह हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि स्क्रीन पर बैक्टीरिया, वायरस, फंगी और प्रोटोजोआ पनपते हैं। इनकी वजह से डायरिया, फूड पॉइजनिंग, सांस की बीमारी और त्वचा में संक्रमण हो सकता है। लोग अपनी फिटनेस को ट्रैक करने के लिए स्मार्ट वॉच पहनते हैं, लेकिन इसके बैंड और स्क्रीन पर भी कई बैक्टीरिया (जैसे स्टैफिलोकोकस, स्यूडोमोनस, एस्चेरिचिया, ई-कोलाई पाए जाते हैं) जो त्वचा संक्रमण, टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम, रक्त, फेफड़ों में निमोनिया या शरीर के अन्य अंगों में संक्रमण और दस्त का कारण बनते हैं।



### कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों को खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, ये बैक्टीरिया कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। लगातार कई घंटों तक ईयरफोन या ईयरपॉड का इस्तेमाल करने से कान का तापमान और नमी बढ़ जाती है, जिससे कान में भी संक्रमण हो सकता है।

ज्यादातर मामलों में स्मार्टफोन की सतह पर स्टैफिलोकोकस ऑरियस जीवाणु पाया जाता है। इसे आमतौर पर स्टैफ के नाम से जाना जाता है। इसकी वजह से त्वचा में संक्रमण हो सकता है। यही नहीं, जब आप इस बैक्टीरिया के संपर्क में आते हैं तो इससे फूड पॉइजनिंग भी हो सकती है। इसलिए अगर खाते समय गैजेट का इस्तेमाल करते हैं तो इसे तुरंत बंद कर दें। यह बैक्टीरिया गैजेट से बहुत आसानी से आपके हाथों, फिर चेहरे और मुंह तक पहुंच सकता है।

### पेट, त्वचा और यूटीआई तक का खतरा

एस्चेरिचिया कोलाई या ई-कोलाई भी गंभीर संक्रमण पैदा करने वाले बैक्टीरिया होते हैं। इसके कुछ वैरिएंट गंभीर दस्त, मूत्र मार्ग संक्रमण (यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन) और गुर्दे के रोग का कारण बन सकते हैं। स्ट्रेप्टोकोकस पायोजेन्स बैक्टीरिया गले से लेकर स्किन इंफेक्शन तक कई प्रकार के संक्रमण का कारण बन सकता है। यह मोबाइल फोन सहित कई सतहों पर लंबे समय तक जीवित रह सकता है, जिससे इसके फैलने का खतरा अधिक बढ़ जाता है। स्यूडोमोनस ऐरुगिनोसा बैक्टीरिया से श्वसन संक्रमण, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन और रक्त संक्रमण भी हो सकता है।

### फोन की करतें रहें साफ-सफाई

एक शोध के अनुसार, 26 मोबाइल फोन पर 11,163 माइक्रो जीव मिले, जो खतरनाक बीमारियों का कारण बनते। इसलिए अपने गैजेट की स्क्रीन और बैक कवर को माइक्रोफाइबर कपड़े या अल्कोहल वाइप्स से नियमित तौर पर साफ करें। बाथरूम या अन्य गंदे वातावरण में फोन का इस्तेमाल करने से बचें। नियमित तौर पर साबुन और पानी से हाथ धोएं या सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। मोबाइल का उपयोग करने के बाद चेहरे, नाक, आंख या मुंह को छूने से बचें। अपना फोन किसी के साथ शेयर करने से बचें। बहुत पसीना आता है तो रोजाना गैजेट की सफाई करें। ईयरफोन का इस्तेमाल लगातार एक घंटे से अधिक न करें।





## बारिश में डायरिया का खतरा बढ़ा, अभी से जुट जाएं बचाव में

मानसून की दस्तक के साथ ही डायरिया (दस्त) की समस्या सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करने लगती है।बच्चों में इसका खतरा अधिक देखा जाता रहा है। डायरिया, भारत में बाल मृत्यु दर का तीसरा प्रमुख कारण भी रहा है। 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में प्रति वर्ष होने वाली कुल मृत्यु में से 13% के लिए इसे ही जिम्मेदार माना जाता है। बच्चों में हर साल रिपोर्ट की जाने वाली इस समस्या की रोकथाम को लेकर सरकार पुरजोर कोशिश कर रही है।

### डायरिया का खतरा

डायरिया रोग, भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर मृत्यु दर के प्रमुख कारणों में से एक है, विशेषतौर पर शिशुओं और छोटे बच्चों में इसका खतरा अधिक देखा जाता रहा है। भारत जैसे विकासशील देशों में ये बड़ा जोखिम बन गया है। दिन में 3 या उससे अधिक बार पतला या तरल मल त्याग को डायरिया कहा जाता है। अगर समय पर इसका इलाज न हो पाए तो इससे बुखार या खूनी मल जैसी अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। डायरिया में शरीर से पानी अधिक निकल जाने के कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।



### क्यों होती है डायरिया की समस्या

दस्त का मुख्य कारण वायरस या बैक्टीरियल संक्रमण हो सकता है जो आपके पेट को संक्रमित करता है। वयस्कों में दस्त का सबसे आम कारण नोरोवायरस है जो गैस्ट्रोएंटेराइटिस का कारण बनता है। रोटावायरस बच्चों में होने वाले दस्त का सबसे आम कारण है।

दूषित खाद्य और पेय पदार्थों के कारण आप फूड पॉइजनिंग के शिकार हो सकते हैं, इससे भी डायरिया का खतरा बढ़ जाता है। मानसून के दिनों में दस्त की समस्या अधिक देखी जाती रही है। डायरिया से बचाव के लिए जरूरी है कि संक्रमण का कारण बनने वाले स्त्रोतों से बचकर रहें। शौच के बाद और भोजन को पकाने-खाने से पहले और बाद में हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह से धोएं। इसके अलावा रोटावायरस वैक्सीन आपको रोटावायरस संक्रमण से बचाने में मदद करती है, जो दस्त का एक सामान्य कारण है। फूड पॉइजनिंग के कारण होने वाले पेट के संक्रमण से बचाव के लिए भोजन के रखरखाव पर भी विशेष ध्यान देते रहना जरूरी है।



## टोस्टर पर बनाएं फूली हुई तंदूरी रोटियां, बार-बार मांगकर खाएंगे



आजकल लोग घरों में ब्रेड सेंकने के लिए टोस्टर और सैंडविच मेकर जरूर रखते हैं। टोस्टर से आप न सिर्फ ब्रेड सेंक सकते हैं, बल्कि इससे बढ़िया तंदूरी रोटी भी बना सकते हैं। हाल ही में इंस्टाग्राम में नेहा दीपक शाह ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें आप देख पाएंगे कि कैसे नेहा ने टोस्टर से झटपट फूली-फूली तंदूरी रोटी बनाई है। इन रोटियों का स्वाद भी बहुत लाजवाब है और आप इसे बहुत आसानी से बना सकते हैं।

### तंदूरी रोटी के लिए ऐसे तैयार करें आटा

रोटी बनाने के लिए एक बाउल में 3 कटोरी आटा लें और उसमें नमक एवं बेकिंग सोडा डालकर मिक्स करें। आटा में एक कप दही और आवश्यकतानुसार पानी डालकर आटा गूंथ लें।आटा गूंथने के बाद एक गीले कपड़े से आटा को एक घंटे के लिए ढक कर रखें।

### ऐसे तैयार करें तंदूरी रोटी

इस बार तंदूरी रोटी बनाने के लिए तंदूरकी जरूरत नहीं पड़ेगी, इसके लिए आटा से लोई बनाएं और रोटी बेल लें। गैस ऑन कर तवा गर्म करें और रोटी को दोनों तरफ से सेंक लें।

### टोस्टर में ऐसे सेकें तंदूरी रोटियां

टोस्टर ऑन करें और अब दोनों तरफ से सेंके हुए रोटियों को एक साथ डालें। कुछ ही देर में रोटियां फुल जाएगी, जिसे निकालकर छोले या पनीर के साथ खाने के लिए सर्व करें।

### इन बातों का रखें ध्यान

तंदूरी रोटी का आटा न ज्यादा सख्त हो न ज्यादा नरम। तंदूरी रोटी का आटा गूंथने के बाद उसे एक घंटे के लिए गीले कपड़े से जरूर ढकें, ताकि रोटियां फूली-फूली बने। टोस्टर से तंदूरी रोटी बनाते वक्त रोटी का आकार ज्यादा बड़ा न करें। रोटी का साइज उतना ही रखें, जितने में टोस्टर में रोटियां आसानी से आ जाए। रोटियों को टोस्टर से निकालने के बाद उसमें बटर या घी लगाकर खाने के लिए सर्व करें।

## वास्तु के अनुसार किस दिशा में होना चाहिए घर का मुख्य द्वार



हमारे घर का मुख्य द्वार अगर वास्तु के अनुरूप होता है तो घर में सदैव खुशहाली बनी रहती है। यही नहीं मुख्य द्वार वह स्थान है जिससे घर के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है। इन्हीं कारणों से आपको सलाह दी जाती है कि मुख्य द्वार हमेशा साफ़-सुथरा और पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर होना चाहिए।

ऐसी मान्यता है कि यदि इन शुभ दिशाओं की तरफ घर का मुख्य द्वार होता हैं तो आपके घर में लक्ष्मी का प्रवेश सुचारू रूप से बना रहता है। यह दिशाएं सकारात्मक ऊर्जा प्रवाह को बढ़ावा देती हैं, जिससे रहने वालों के लिए समृद्धि और सौभाग्य को बढ़ावा मिलता है। यदि आप नया घर खरीदने जा रहे हैं तो आपको सही दिशा के मुख्य द्वार का ही घर लेना चाहिए। आइए वास्तु एक्सपर्ट मधु कोटिया से जानें इसके बारे में विस्तार से।

**वास्तु के अनुसार घर के प्रवेश द्वार का महत्वः** घर की फेसिंग वह दिशा है जिसकी तरफ आप घर से बाहर निकलते समय मुख करते हैं। आपके घर, ऑफिस, दुकान, फैक्ट्री का प्रवेश द्वार या मुख्य द्वार आपके जीवन और व्यवसाय में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

वास्तु के अनुसार मुख्य प्रवेश द्वार की दिशा सबसे महत्वपूर्ण होती है, भले ही आप नया घर खरीद रहे हों या फिर किराए पर घर लेने जा रहे हों। जिस तरह से हमारे भोजन का पूरे शरीर पर प्रभाव पड़ता है उसी तरह से घर के मुख्य द्वार का पूरे घर पर प्रभाव होता है।

**वास्तु के अनुसार मुख्य द्वार सही दिशा में क्यों होना चाहिएः** वास्तु की मानें तो सकारात्मक और ऊर्जावान प्रवेश द्वार वाला स्थान वहां रहने वालों के लिए धन को आकर्षित करता है। यदि प्रवेश द्वार उत्तर और उत्तर-पश्चिम दिशाओं के बीच है, तो यह अपार समृद्धि, धन और खुशी को आकर्षित करता है। यदि प्रवेश द्वार सकारात्मक स्थान पर नहीं है तो इससे जीवन में विभिन्न चुनौतियां आती हैं। वास्तु के अनुसार मुख्य द्वार के लिए नकारात्मक दिशाएं दक्षिण-पश्चिम है जो बर्बादी और हानि का कारण बनता है। इसके साथ ही मुख्य द्वार दक्षिण दिशा में न रखने की सलाह दी जाती है।

कार्नर न्यूज

## सकारात्मक बहस से बच्चों में आत्मनिर्भरता की भावना को जगाएं

# बच्चे के बहस करने की वजह समझकर सुधारें गलत आदतें

बच्चे जैसे-जैसे बड़े होते हैं, अपना पक्ष रखना सीख जाते हैं। लेकिन पक्ष रखने की यह आदत यदि तर्कपूर्ण न होकर बहस का रूप लेने लगे तो इस पर ध्यान देना जरूरी है। तर्क करना या बहस करना अच्छा है, जब तक कि वह सकारात्मक पहलुओं पर की जाए। बच्चों में बहस करने की आदत सामान्य होती है, जो उनके मानसिक और सामाजिक विकास का हिस्सा है। सकारात्मक बहस बच्चों में आत्मनिर्भरता की भावना को जगाती है। मगर जब यह बहस नकारात्मकता की ओर बढ़े और विवाद का रूप लेने लगे तो इसे रोकना जरूरी हो जाता है, क्योंकि कई बार बहस करना बच्चों को उद्दंड भी बना देता है। इसलिए जरूरी है, समय रहते बच्चों के प्रश्नों और बहस के बीच के इस छोटे-से फर्क को समझना और उनका उचित मार्गदर्शन करना।

क्या है वजह शारीरिक अनुपात के साथ ही समयानुसार बच्चों की तर्कशक्ति और विश्लेषणात्मक क्षमता भी विकसित होती है। वे विभिन्न मुद्दों पर सवाल उठाते हैं और उनकी गहराई में जाकर उनके उत्तर खोजने की कोशिश करते हैं। कई बार बच्चे बिना किसी कारण के ही बहस करने लगते हैं, क्योंकि वे लोगों, विशेषकर अभिभावकों का ध्यान अपनी ओर खींचना चाहते हैं, तो कभी-कभी बच्चे खुद को सही साबित करने के लिए और अपने पक्ष को मजबूत बनाने के लिए बहस करते हैं।



**आपकी धारणाएंः** जब बहस, बहस न रहकर विवाद और उद्दंडता का विकृत रूप लेने लगती है तो उसके पीछे कई वजहें होती हैं, जैसे बच्चे के मन में कुछ बातें गांठों का रूप ले रही हैं। वह अपनी बात कह नहीं पा रहा है और समझा नहीं पा रहा है। वहीं आपके द्वारा उसके लिए बनाई गईं कुछ धारणाएं भी उसे बहस करने पर मजबूर करती हैं, जैसे कि 'यह तुमने ही तोड़ा होगा, तुम्हारे अलावा कर भी कौन सकता है?' या फिर घर में कुछ भी गलत होने पर उस पर शक करना। इस स्थिति में बहस करना लाजिमी है, जो समय के साथ बच्चे के व्यवहार में शामिल हो जाती है।

**मार्गदर्शन करेंः** आपको बच्चों की बहस को ध्यान से सुनना चाहिए। 'तुम चुप रहो' कहकर उनके प्रश्नों पर प्रश्नचिह्न न लगाएं। उनके हर प्रश्न का जवाब दें, जिससे वे उलझन में न रहें और कहीं और से प्रश्नों के गलत जवाब न ढूंढने लगें। उन्हें सिखाएं कि वे अपने विचारों को शांति से व्यक्त करें और दूसरों की भावनाओं को आहत न करें। साथ ही आपको बहस के दौरान उनकी भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। ऐसा करने पर वे आपसे बहस नहीं, तर्कपूर्ण बात करेंगे।

**सकारात्मक पहलूः** बहस करने से बच्चों के संवाद कौशल में सुधार होता है। वे अपने विचारों को स्पष्ट और प्रभावी ढंग से व्यक्त करना सीखते हैं। इससे उनकी भाषायी क्षमता और संचार कौशल में भी वृद्धि होती है। वे विभिन्न दृष्टिकोणों से समस्याओं को देखते हैं और उन्हें हल करने के लिए नए तरीकों का उपयोग करते हैं। बहस के माध्यम से उन्हें अपने विचारों और क्षमताओं पर भरोसा होता है, जो उनके व्यक्तिगत विकास के लिए महत्वपूर्ण है।



**भाव-भंगिमाओं को पढ़ेंः** बाल रोग विशेषज्ञ गार्गी मालगुड़ी कहती हैं, बच्चे का बहस करना उसकी तार्किक क्षमता को बढ़ाता है। इसलिए आप सहनशीलता और संवेदनशीलता के साथ बच्चे की बहस को सुनें, उसकी भाव-भंगिमाओं को पढ़ें और उसे समझने का प्रयास करें। अगर उसके चेहरे के भाव बिगड़ने लगें, नथुने फूलने लगें, आंखें फैलने लगें, हाथ कांपने लगें और सांस फूलने लगे तो समझ लीजिए कि बच्चा कहना कुछ चाहता है और कह कुछ और ही रहा है।

जब आप समझ जाएं कि वह बस बहस कर रहा है तो उसे अपनी बात कह लेने दीजिए। फिर इस बहस को रोकते हुए प्यार से उसकी परेशानियों को जानें और पूरे धैर्य के साथ उसकी बात सुनकर उसे जवाब दें, क्योंकि यह उसकी विकास यात्रा के लिए सहायक होता है। मगर बहस अगर बीमारी बन जाए तो जल्द ही इसका निदान जरूरी है। इसके लिए सलाहकार या चिकित्सक की भी मदद लेनी पड़े तो लें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'जॉज' पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री, शार्क फेस्ट 2025 में प्रीमियर



नेशनल ज्योग्राफिक हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जॉज' को सम्मानित करने के लिए एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण करने जा रहा है। यह डॉक्यूमेंट्री स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म और पीटर बेंचली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास पर आधारित होगी।

हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।

नेशनल ज्योग्राफिक हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जॉज' को सम्मानित करने के लिए एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण करने जा रहा है। यह डॉक्यूमेंट्री स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म और पीटर बेंचली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास पर आधारित होगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस डॉक्यूमेंट्री का निर्माण नेशनल ज्योग्राफिक स्पीलबर्ग की एंबलिन डॉक्यूमेंट्रीज और नेडलैंड मीडिया के साथ मिलकर करने जा रही है। 'जॉज @50' का निर्देशन नेडलैंड मीडिया के लॉरेंट बाउजेरो करने वाले हैं। इस डॉक्यूमेंट्री में 'जॉज' से जुड़े कई दिलचस्प पहलुओं को दिखाया जाएगा जो पहले कभी भी दर्शकों के सामने नहीं आया था। इस डॉक्यूमेंट्री में स्टीवन स्पीलबर्ग और बेंचली के कई इंटरव्यू के हिस्सों को शामिल किया जाएगा जो फिल्म निर्माण और उपन्यास के बारे में होंगे। साथ ही साथ स्पीलबर्ग इस डॉक्यूमेंट्री में फिल्म से जुड़े कई अनदेखे फुटेज और फोटोग्राफी को भी साझा करेंगे। इसके अलावा महासागर के जीवों को कैसे बचाया जाए इस विषय में भी 'जॉज @50' पर बातें होंगी। नेट जियो के मुताबिक 'जॉज @50' समुद्री जीवन संरक्षण और समुद्री नीति अधिवक्ता वेंडी बेंचली के देख-रेख में बनाया जाएगा। 'जॉज @50' में समुद्र के इन विस्मयकारी प्राणियों के बारे में कई अनसुनी और अनदेखी बातें बताई जाएंगी। इस फिल्म का प्रीमियर 2025 की गर्मियों में होगा। 'जॉज @50' को नेट जियो 'जॉज' की 50वीं वर्षगांठ पर नेट जियो के सिग्नेचर समर इवेंट शार्कफेस्ट में दिखाएगी।

### टॉलीवुड

## निवेथा थॉमस की '35 चिन्ना कथा काडू' का पोस्टर जारी



तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का एलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काडू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काडू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है। '35 चिन्ना कथा काडू' का निर्देशन नंद किशोर करेंगे। वहीं, फिल्म का निर्माण सुरेश प्रोडक्शंस के बैनर तले किया जाएगा। फिल्म में निवेथा थॉमस के अलावा प्रियदर्शी पुलीकोंडा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसमें विवेक सागर की धुनें सुनने को मिलेंगी। फिल्म को तेलुगु, तमिल और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। इसकी रिलीज की तारीख का भी एलान कर दिया गया है। फिल्म 15 अगस्त , 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### छॉलीवुड

## ‘हंडा’ से दर्शक रूबरू होंगे 5 जुलाई को



अमलेश नागेश स्टारर छत्तीसगढ़ी फ़िल्म ‘हंडा’ 5 जुलाई को रिलीज़ होने जा रही है। इसका निर्माण एन. माही फ़िल्म्स के प्रोडक्शन के बैनर तले हुआ है। प्रोड्यूसर मोहित साहू है। उल्लेखनीय है कि अमलेश नागेश न सिर्फ़ छत्तीसगढ़ी सिनेमा बल्कि यू ट्यूब की दुनिया के भी छत्तीसगढ़ से पहले सुपर स्टार रहे हैं। कॉमेडी टच लिए हुए ‘भैरा कका’ वाले उनके ढेर सारे एपिसोड यू ट्यूब पर छाए हुए हैं। ‘हंडा’ से पहले अमलेश एन. माही की ही छत्तीसगढ़ी फ़िल्म ‘गुईयां’ कर चुके हैं। ज़ल्द ही ‘गुईयां-2’ पर भी काम शुरु होने की जानकारी है, जिसमें फिर एक बार हीरो अमलेश नागेश होंगे। ‘हंडा’ के अन्य प्रमुख कलाकार अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, पप्पू चंद्राकर एवं विनायक अग्रवाल हैं। पर्दे के पीछे टीम ‘हंडा’ में डीओपी- रजत सिंह राजपूत,एडिटर- गौरांग त्रिवेदी एवं उमेश ध्रुव, म्यूजिक डायरेक्टर- ओमी स्टाइलियो,सिंगर- सुनील सोनी एवं अनुपमा मिश्रा और कोरियोग्राफी- चन्दन दीप,डांस ग्रुप- काम देव डान्स ग्रुप हैं।




## जमीनी फैशन

टोरंटो के हार्बरफ्रंट सेंटर में परंपरागत फैशन पर आधारित चार दिवसीय द्विवार्षिक इंडिजीनियस फैशन आर्ट्स फेस्टिवल (आईएफएएफ) पिछले हफ्ते सुर्खियों के साथ खत्म हुआ। यहां रनवे प्रस्तुतियों से पहले भावपूर्ण प्रदर्शन हुए। फैशन शो से परे, हाइड टैनिंग और रेगलिया एप्लीक पर कार्यशालाएँ तथा स्वदेशी नजरिए से फैशन के लिए यह उल्लेखनीय अवसर रहा। जिसमें ट्रेसी टूलूज़, कोरिना एमेरिच और नाद्या क्वांडीबेन्स जैसे नामचीन मॉडल भी शामिल हुए।

## गर्दन के कालेपन को साफ करने के लिए इन्हें करें इस्तेमाल

गर्दन पर जमा कालापन की वजह से महिलाओं को कई बार शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ता है। गर्दन काली होने की वजह इसकी सही तरीके से सफाई नहीं करना हैं और इसी वजह से धीरे-धीरे गर्दन पर कालापन जमने लगता है।

### बेसन की मदद से करें काली गर्दन को साफ

बेसन में कई सारे गुण होते हैं साथ ही इसमें प्रोटीन होते हैं जो सेहत के साथ-साथ त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। बेसन से जहां चेहरे पर ग्लो आता हैं तो साथ ही इसकी मदद से काली गर्दन को साफ किया जा सकता है।

### इस तरह करें इस्तेमाल

एक कटोरी में बेसन ले। इसमें कुछ बूंद नींबू का रस डालें। इस पेस्ट को मसाज करते हुए गर्दन पर लगाएं। 10 मिनट बाद गर्दन को साफ कर लें। इस उपाय को हफ्ते में 2 दिन करें।

### दही की मदद से साफ करें काली गर्दन

दही में भी कई साए गुण होते हैं और ये सभी गुण सेहत के साथ-साथ त्वचा के लिए फायदेमंद है और दही की मदद से गर्दन का कालापन साफ किया जा सकता है।

### इस तरह करें इस्तेमाल

एक कटोरी में दही लें। इसमें चुटकी भर हल्दी मिलाएं।इस पेस्ट को गर्दन पर अप्लाई करें। इसके बाद गर्दन की साफ कर लें। इस उपाय को



हफ्ते में 2 बार करें।

शहद का भी किया जा सकता है इस्तेमाल

शहद में कई सारे गुणों से भरपूर है इसमें औषधि गुण होते हैं साथ ही विटामिन, मिनरल्स, अमीनो एसिड्स समेत कई दूसरे इंग्रीडिएंट्स होते हैं जो त्वचा के लिए फायदेमंद हैं। वहीं शहद की मदद से भी गर्दन का कालापन साफ किया जा सकता है।

### इस तरह करें इस्तेमाल

थोडा-सा शहद लें। इसमें नींबू का रस मिलाएं। इस पेस्ट को मसाज करते हुए गर्दन पर अप्लाई करें। 15 मिनट बाद नॉर्मल पानी से वॉश कर लें। इस उपाय को हफ्ते में 2 दिन करें। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है, तो ऊपर बताए गए किसी भी नुस्खे को आजमाने से पहले एक बार पैच टेस्ट जरूर कर लें।

## खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेंगे कॉटन सूट के लेटेस्ट डिजाइंस






सूट कई सारे मौकों पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है क्योंकि सूट में महिलाएं जहां कंफर्टेबल रहती हैं तो वहीं इसमें स्टाइलिश नजर आती हैं। वहीं अगर आप सूट में कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं तो आप ये कॉटन के सूट ट्राई कर सकती हैं। लेटेस्ट डिजाइंस वाले कॉटन आप न्यू लुक के लिए स्टाइल कर सकती हैं।



### कॉटन गोटा पट्टी सूट

अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती तो आप इस तरह का गोटा पट्टी सूट वियर कर सकती हैं। इस तरह के सूट में जहां अप स्टाइलिश नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। वहीं इस सूट के साथ आप फुटवियर में जूती वियर या फिर मोजरी वियर कर सकती हैं। यह आउटफिट आपको ऑनलाइन मिल जाएगा साथ ही ऑफलाइन भी आप इस गोटा पट्टी सूट को 700 से 800 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

### कॉटन सूट विथ पेंसिल पेंट सेट

अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह का सूट वियर कर सकती हैं। वहीं इस तरह के सूट के साथ आप फुटवियर में हील्स या फ्लैट्स पहन सकती हैं साथ झुमके इस आउटफिट के साथ परफेक्ट रहेंगे। यह सूट आप बाजार से खरीद सकती हैं साथ ही ऑनलाइन भी आपको ये सूट सस्ते 600 से 700 रुपये में मिल जाएगा। वहीं इस तरह के सूट को आप कपड़ा लेकर किसी दर्जी के पास से भी सिलवा सकती हैं।

### हैंड पेंटेड कॉटन सूट

अगर आप किसी खास फंक्शन या प्री-वेडिंग में फंक्शन में सूट पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह के हैंड पेंटेड सूट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह का सूट आपको ऑनलाइन मिल जाएगा साथ ही ऑफलाइन भी आप इस तरह का सूट 800 से 900 की कीमत में खरीद सकती हैं। वहीं इस सूट में अपने लुक कंप्लीट करने के लिए आप फुटवियर में हील्स ट्राई कर सकती हैं ।

## ऑफिस आउटफिट के साथ परफेक्ट मैच करेंगे ट्रेंडी झुमके

झुमके आपके लुक को कंप्लीट करने का काम करते हैं। वहीं अगर आप ऑफिस गोइंग वीमेन हैं और ऑफिस की किसी पार्टी शामिल हो रही हैं ये आप अपने आउटफिट के साथ ये झुमके स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के झुमके जहां आपके आउटफिट के साथ परफेक्ट करेंगे तो साथ ही आप इन झुमके आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।

### ब्रास डिजाइन झुमका

अगर आप साड़ी पहन रही हैं और इस आउटफिट के साथ सिंपल झुमके पहनने का सोच रही हैं तो आप ये ब्रास झुमके ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के झुमके में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपक लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। यह झुमके आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह मिल जाएंगे साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म से भी आप इस तरह के झुमके 400 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

### बॉल डिजाइन झुमका

इस तरह के झुमके भी आप अपने



आउटफिट के साथ पहनने के लिए परफेक्ट ऑप्शन हो सकते हैं। इन्हें आप सूट या साड़ी के साथ मैच कर सकती हैं। वहीं इस तरह के बॉल डिजाइन झुमके आप बाजार से ले सकती हैं साथ ही ऑनलाइन भी आपको ये झुमके सस्ते दाम में मिल जाएंगे और ये झुमके आप 300 से 400 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

### ऑक्सीडाइज़्ड झुमका

अगर अप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के झुमके वियर कर सकती हैं। इस तरह के झुमके में जहां आप स्टाइलिश नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। वहीं इस तरह के झुमके सूट और साड़ी दोनों ही आउटफिट के साथ पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।

## इन आसान तरीकों से करें असली चिकनकारी वर्क की पहचान

एक समय था जब चिकनकारी वर्क के कपड़े कुछ लिमिटेड जगहों पर ही मिलते थे, लेकिन आज के समय में आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन तक चिकनकारी वर्क के कपड़े आसानी से मिल जाते हैं। इनका दाम भी काफी कम होता है।

### होती हैं खामियां

अगर आप असली चिकनकारी वर्क की तलाश कर रहे हैं तो इसकी कढ़ाई पर ध्यान दें। असली चिकनकारी वर्क हाथ से किया जाता है। ऐसे में कई बार कपड़े में अंदर की तरफ लंबे धागे रह जाते हैं। इसके साथ ही कपड़े के उल्टी तरफ आपको धागों में गांठे लगी भी दिखाई देती हैं। जबकि अगर ये वर्क नकली होगा और इस पर मशीन से काम किया गया होगा तो कपड़े के उल्टी तरफ का हिस्सा एकदम साफ होता है।

### रंग का रखें ध्यान

असली चिकनकारी वर्क को डाई करने के लिए प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में ये काफी हल्के होते हैं। लेकिन अगर आपको कपड़े पर



ज्यादा डार्क और चमकीले रंग दिखाई दे रहे हैं तो इसका मतलब साफ है कि ये नकली चिकनकारी वर्क है।

### कढ़ाई पर दें ध्यान

अगर आपको असली चिकनकारी की पहचान है तो ये भी पता होगा कि असली चिकनकारी में लगभग 40 प्रकार के टांके और जालियां होते हैं। इनमें बखिया सबसे आम कढ़ाई है। वहीं सबसे मुश्किल और कीमती टांका है नुकीली मुर्री होता है। ज्यादातर कपड़ों में बखिया का काम होता है, जोकि कपड़े की बैक साइड पर क्रिस क्रॉस नजर आती है।

कार्नर न्यूज

### एक उम्र के बाद जरूरत होती है स्टाइल ट्रांसफोर्मेशन की

*कॉलेज लाइफ के बाद हमारा ध्यान करियर की तरफ जाता है। काफी लोगों को जॉब मिल जाती है और कई जॉब की तलाश में रहते हैं। जिंदगी एक नई दिशा में अपना रूख मोड़ देती है। ऐसे में आप खुद ही समझ सकते हैं कि इस दौरान वक्त के साथ हमारा स्टाइल भी बदलना चाहिए। ताकि आप दिख सकें मैच्योर, डिसेंट और हैंडसम। आपको बता दें कि यह स्टाइल ट्रांसफोर्मेशन सिर्फ आपके कपड़ों के लिए नहीं होगा, बल्कि इससे आपकी ओवरऑल पर्सनैलिटी में भी बदलाव आएगा।*

## अगर 25 पार कर चुके हैं तो बदलिए अपना स्टाइल, लगेंगे पहले से भी ज्यादा हैंडसम





### सेल्फ कॉन्फिडेंस से हो भरपूर

इससे पहले की आप अपने स्टाइल में कुछ जोड़ें, आपको बता दें कि सबसे ज्यादा जरूरी है कॉन्फिडेंट एटीट्यूड। हर स्टाइल इसी एटीट्यूड पर निर्भर करती है। कॉन्फिडेंट नहीं हैं तो आप कितने भी मंहगे कपड़े पहन लें, कितनी भी स्टाइलिश एसेसरीज ले लें लेकिन आप उसे कैरी नहीं कर सकते। इसलिए गांठ बांध लें कि उम्र के इस पड़ाव में जो पहला और बड़ा बदलाव लाना है, वो है अपनी पर्सनैलिटी में कॉन्फिडेंस लेवल को बूस्ट करें।

### फर्स्ट इंप्रेशन पर दें ध्यान

कहते हैं कि किताब को हमेशा उसके कवर से आंका जाता है। बस यही बात आप पर भी लागू होती है। आप कॉलेज से निकल चुके हैं। अब आपसे जो भी मिलेगा उसको ये बिल्कुल नहीं लगना चाहिए कि आप अभी भी ईजी और फंकी स्टाइल कूल डूड हैं। आपका फर्स्ट इंप्रेशन ऐसा होना चाहिए कि हर कोई आपसे इंप्रेस हो जाए। फर्स्ट इंप्रेशन के लिए सिर्फ कपड़े ही नहीं बल्कि हर छोटी से छोटी चीज भी मायने रखती है। अच्छे और परफेक्ट फिटिंग के कपड़े, सही कपड़ों के साथ सही एसेसरीज पहनना, क्लासी जूते और माइल्ड परफ्यूम ये सब फर्स्ट इंप्रेशन में बड़ी भूमिका अदा करते हैं।

### जूतों की स्टाइल बदलिए

अंग्रेजी में कहावत है कि आप एक आदमी को उसके जूतों से जज कर सकते हैं। अब तो आप समझ गए होंगे कि जूतों की कितनी अहमियत है। अगर आप अभी भी हर जगह स्पोर्ट शूज पहनकर घूम रहे हैं, तो अपनी आदत बदल डालिए। ये वक्त है हाई क्वालिटी ड्रेस-शूज पर इनवेस्ट करने का। ड्रेस शूज एक क्लासिक शू स्टाइल है जो आपके हर फार्मल ओकेजन के लिए परफेक्ट लुक देते हैं।

### कपड़ों पर ध्यान दें

एक उम्र होती है जब हम कैसे भी कपड़े पहन लेते हैं। ना ही यह ध्यान देते हैं कि वे धुले हैं या नहीं और ना ही यह ध्यान रखतें कि वे प्रेस हुए हैं या नहीं।